khabardrishtikon@gmail.com https://khabardrishtikon.com/ https://l.facebook.com khabardrishtikon.com

KD NEWS सच का सामना

लखनऊ

शुक्रवार – 23 जून 2023

वर्ष : 02 – अंक : 242

पृष्ठ–8 मूल्य – 1:00 रूपये

आरएनआई :

UPHIN/2021/82210

हिन्दी दैनिक

# खबर दृष्टिकोण

समाचार ही नहीं, विश्वास भी...



2 उपमुख्यमंत्री ने वाराणसी व विन्ध्याचल मंडल में...

3 पीला इटा वबालू से निर्मित हो रहा प्राइमरी स्कूल,....

5 सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव के अन्तिम..

## वाह रे नगर निगम!

### अपनों पर रहम बाकि पर बेरहम

### नगर निगम जोन आठ सुर्खियों ,मंत्री के आदेश को भी दरकिनार कर अपने अधिनस्थो को बचाने में जुटे नगर आयुक्त







लखनऊ खबर दृष्टिकोण (संजय तिवारी )। लखनऊ नगर निगम जोन –8 अपने घोटालो को लेकर लगातार सुर्खियों में बना हुआ है आलम यह है कि कर्मचारी अपने मनमानियो से बाज नहीं आ रहे है और मोटी कमाई की लालच में मनमानी तरीके से किसी के भी मकान, फ्लैट, भवन व व्यवसायिक भवन का कुछ भी कर निर्धारण कर आम जनता को परेशान करने से बाज नहीं आ रहे है। इन मामलो की शिकायत नगर सचिव से लेकर नगर विकास मंत्री तक है और नगर विकास मंत्री ने पूर्व में ही इन घोटालो के जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाई की जिम्मेदारी नगर आयुक्त को सौपी लेकिन नगर आयुक्त अपने अधीनस्थ अधिकारियो कर्मचारियों को बचाने के लिए जाँच की फाइले दबाये बैठे है और दोषियों को बचाने में जुटे है अपनी रिपोर्ट शासन तक नहीं भेज रहे है। इन आदेशों के बावजूद नही नगर निगम लगातार अपनी मनमानी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है जिस पर यह लाईन पूरी तरह से फिट बैठती है "अपनों रहम बाकियों पर बेरहम" वाह रे नगर निगम ! खबर दृष्टिकोण के सवांददाता संजय तिवारी की पड़ताल में नगर निगम जोन आठ का जो रिपोर्ट सामने आया है।

1 . नगर निगम जोन 8 आरआई हरिशंकर पाण्डेय ने खरिका द्वितीय वार्ड निवासी का हॉउस टैक्स 37227 टैक्स बकाया होने पर कार्यवाई कर मकान को सील कर दिया था वहीँ दूसरी तरफ शारदा नगर द्वितीय आम्रपाली मोहल्ले में व्यवसायिक भवन में संचालित प्रीडेटर जीम का हॉउस टैक्स वर्ष 2017 से तीन लाख 28 हजार रूपये बकाया होने के बावजूद भी नगर निगम जोन 8 आरआई अमृता सिंह द्वारा कोई कार्यवाई नहीं किया गया आरोप है कि अमृता सिंह प्राइवेट लड़के गुड्डू से अपने कार्यालय में काम कराना और वार्ड में मामलो की डील करने का कार्य लेती है।

2 . नगर निगम जोन 8 के विद्यावती तृतीय वार्ड के सेक्टर आई में रहने वाले भगवान दास वर्मा का जहाँ वार्षिक हॉउस टैक्स 22 सौ रूपये आता था वहीँ वर्ष 2023–24 नए वित्तीय वर्ष में जीआइएस कम्पनी द्वारा 21लाख 36 हजार रुपये आया है अपने मकान का इतना बकाया देख मकानमालिक का हालत खराब हो गया और नगर निगम जोन 8 का चक्कर काट रहा है।

3 . नगर निगम जोन 8 आर आई सौरभ त्रिपाठी द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर भवन संख्या डी 1 / 153 व डी 1 / 154 का वर्ष 2014 से भवन कर 52 लाख रूपये निर्धारित किया गया था जिसे मिलीभगत कर तत्कालीन जोनल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव द्वारा मार्च 2023 में मात्र 14 लाख 50 हजार जमा करा रफादफा कर दिया गया।

4 . नगर निगम जोन 8 में समूह ग कर्मी अमरनाथ वर्मा इब्राहिमपुर वार्ड में अपने आप को आरआई बताकर प्राइवेट लड़के रख टैक्स बकाया होने पर सीलिंग की धमकी दे धन उगाही कराने एवं प्राइवेट लड़को द्वारा बिना सक्षम अधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रभारी को लिए व्यवसायिक भवनों को सीलिंग किये जाने के आरोपों से घीरे हुए है और जाँच भी चल रही है इसके बावजूद जाँच ठन्डे बसते में होने के कारण अपने कृत्यों को सुचारू रूप से जारी रखे हुए है।

बताते चले की नगर निगम जोन 8 के कृत्यों एवं विभाग में चल रही घोटालेबाजी को राज्य मंत्री सूचना एवं प्रौधिगिकी अजीत सिंह पाल ने संज्ञान में लेते हुए नगर विकास मंत्री ए के शर्मा को पत्रावली जारी की थी जिसे संज्ञान में लेते हुए नगर विकास मंत्री ने नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को जाँच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाई के आदेश किये थे और जांच की रिपोर्ट आख्या शासन में तलब किये थे इसके बावजूद नगर विकास मंत्री के आदेशो को दरकिनार कर आज तक जांच की फाइल ठन्डे बसते में है।

## आजमगढ़ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बोले- लोकसभा चुनाव में भाजपा की होगी एकतरफा जीत

आजमगढ़। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक गुरुवार को आजमगढ़ पहुंचे। करतालपुर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। जनसभा के बाद डिप्टी सीएम ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरा होने पर सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के पूरे होने जनसभा में लोग लाखों की संख्या में आए हैं। जाति, धर्म और संप्रदाय से ऊपर उठकर लोग आए हैं। इसलिए हम दावे के साथ कह सकते हैं कि आजमगढ़ लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी एक तरफा जीत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि सभी जाति, धर्म का वोट भाजपा को मिल रहा है। गरीब कल्याण की योजनाएं जनता तक पहुंची हैं। देश के लोगों का भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार बढ़ा है। कानून व्यवस्था के मामले में आजमगढ़ यूपी में अव्वल स्थान पर है। अब सभी लोग कमल चुनाव चिन्ह पर वोट देने के लिए मन बना चुके है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने भीषण गर्मी के बीत हो रही मौतों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जो घटना घटी है उसकी जांच चल रही है। भीषण गर्मी और लू से निपटने के लिए पूरा महकमा तैयार है। प्रदेश में सभी चिकित्सकों की छुट्टियां रदद कर दी गई है। लगातार चिकित्सक राउंड द क्लॉक वहीं कैंप कर रहे हैं। चिकित्सालयों में पर्याप्त बेड, समुचित इलाज की सुविधा व पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध है। दवाओं की हमारे पास कोई कमी नहीं है। आजमगढ़ में हिटवेव से करीब 14 मौतों के सवाल पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि सरकार पूरी तरह से व्यवस्था कर रही है।

## विपक्ष की मीटिंग से दूर रखी गई मायावती ने किया तीखा हमला

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने 23 जून को होने जा रही विपक्षी पार्टियों की बैठक पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी नेताओं की पटना बैठक 'दिल मिले ना मिले हाथ मिलाते रहिए' की कहावत को ज्यादा चरितार्थ करती है। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, शिक्षा, जातीय द्वेष, धार्मिक उन्माद और हिंसा आदि से देश में बहुजन के हालात त्रस्त हैं । इससे स्पष्ट है कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता कांग्रेस और बीजेपी जैसी पार्टियों के पास नहीं है। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा कि वैसे अगर लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखकर इस प्रकार के प्रयास से पहले यह पार्टियां जनता में उनके प्रति आम विश्वास जगाती तो ठीक होता। अपने गिरेबान में झांक कर अपनी नीयत को साफ करतीं तो सही होता। मुंह में राम बगल में छुरी आखिर कब तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यूपी में लोकसभा की 80 सीट चुनावी सफलता की कुंजी हैं लेकिन विपक्षी पार्टियों के रवैए से ऐसा नहीं लगता। वह यहां अपने उद्देश्य के प्रति गंभीर या सही मायने में चिंतित नहीं हैं। बिना सही प्राथमिकताओं के साथ यह लोकसभा चुनाव की तैयारियां क्या वाकई बदलाव ला पाएंगी। बैठक में कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो सकते हैं।

## बुलडोजर बाबा का नया फार्मूला

### प्रदेश की जनता को फ्री कानूनी सहायता देने और छोटे-छोटे विवादों को समझौते के आधार पर निपटाने का.....

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश की जनता को फ्री कानूनी सहायता देने और छोटे–छोटे विवादों को समझौते के आधार पर निपटाने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत दो वर्ष के लिए कानूनी सहायता रक्षा परामर्श प्रणाली (एलएडीसीएस) को लागू किया है। योगी सरकार ने प्रदेश की जनता को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है ताकि आपराधिक मामलों में सार्वजनिक रक्षक प्रणाली की तर्ज पर आम जन को कानूनी सहायता प्रदान की जा सके। एलएडीसीएस प्रणाली में चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट काउंसिल की सेवाओं के माध्यम से आम जन को कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी।

**समाज के कमजोर वर्ग को प्रभावी कानूनी सेवाएं देना एलएडीसीएस का उद्देश्य**

योगी सरकार का एलएडीसीएस का लागू करने का उद्देश्य समाज के कमजोर और निर्बल वर्गों को प्रभावी और कुशल कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए न्यायालय आधारित कानूनी सेवाओं को मजबूत करना है। साथ ही पात्र व्यक्तियों को आपराधिक मामलों में गुणात्मक और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करेगा। इसका लाभ अनुसूचित जाति और जनजाति के सदस्य उठा सकते हैं। किसी व्यक्ति द्वारा किए जा रहे अवैध व्यापार से पीड़ित इसका सीधा लाभ ले सकेगा।

### ये लोग उठा सकेंगे एलएडीसीएस का लाभ

- **प्रदेश की पीड़ित की महिलाओं, बेटियां और बच्चे।**
- **दृष्टिहीनता, कुष्ठ रोग, बहरेपन, दिमागी कमजोरी आदि निर्योग्यता से ग्रस्त व्यक्ति एवं खानाबादोश व्यक्ति ।**
- **सामूहिक आपदा, जातीय हिंसा, वर्गीय अत्याचार, बाढ़, अकाल, भूकम्प अथवा औद्योगिक आपदा से पीड़ित व्यक्ति।**
- **औद्योगिक कामगार।**
- **किशोर अपचारी अर्थात 18 वर्ष तक की आयु के बालक।**
- **अभिरक्षा में निरुद्ध व्यक्ति।**
- **सुरक्षा गृह, मानसिक अस्पताल अथवा नर्सिंग होम में भर्ती मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति।**
- **ऐसा व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय 3,00,000/– से कम हो।**

**यह लाभ उठा सकेंगे**

– एलएडीसीएस मुख्यतः जिले अथवा मुख्यालय में आपराधिक मामलों में विशेष रूप से कानूनी सहायता प्रदान करने का कार्य करता है। सभी सत्र न्यायालयों, विशेष न्यायालयों, मजिस्ट्रेट न्यायालयों तथा कार्यकारी न्यायालयों में सभी विविध कार्यों सहित प्रतिनिधित्व, परीक्षण और अपील कर सकेंगे।

– जिला न्यायालयध्कार्यालय में उपस्थित होने वाले व्यक्तियों को उनकी प्रतिरक्षा के लिए कानूनी सलाह और सहायता प्रदान करना।

– नालसा स्कीम के तहत गिरफ्तारी से पूर्व अवस्था में कानूनी सहायता प्रदान करना।

– फौजदारी मामलों में गिरफ्तारी पश्चात् रिमांड स्तर पर, जमानत, विचारण तथा अपील दाखिल करने के लिए।



योगी सरकार ने लागू की एलएडीसीएस प्रणाली

## विपक्ष की मीटिंग से दूर रखी गई मायावती ने किया तीखा हमला



लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने 23 जून को होने जा रही विपक्षी पार्टियों की बैठक पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की विपक्षी नेताओं की पटना बैठक 'दिल मिले ना मिले हाथ मिलाते रहिए' की कहावत को ज्यादा चरितार्थ करती है। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ापन, शिक्षा, जातीय द्वेष, धार्मिक उन्माद और हिंसा आदि से देश में बहुजन के हालात त्रस्त हैं । इससे स्पष्ट है कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मानवतावादी समतामूलक संविधान को सही से लागू करने की क्षमता कांग्रेस और बीजेपी जैसी पार्टियों के पास नहीं है। उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा कि वैसे अगर लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखकर इस प्रकार के प्रयास से पहले यह पार्टियां जनता में उनके प्रति आम विश्वास जगाती तो ठीक होता। अपने गिरेबान में झांक कर अपनी नीयत को साफ करतीं तो सही होता। मुंह में राम बगल में छुरी आखिर कब तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यूपी में लोकसभा की 80 सीट चुनावी सफलता की कुंजी हैं लेकिन विपक्षी पार्टियों के रवैए से ऐसा नहीं लगता। वह यहां अपने उद्देश्य के प्रति गंभीर या सही मायने में चिंतित नहीं हैं। बिना सही प्राथमिकताओं के साथ यह लोकसभा चुनाव की तैयारियां क्या वाकई बदलाव ला पाएंगी। बैठक में कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हो सकते हैं।

## क्या आज की बैठक का बहिष्कार करेंगे केजरीवाल? विपक्षी दलों की एकता के सामने बड़ी चुनौती

विपक्षी दलों की एकता के लिए 23 जून को पटना में होने वाली बैठक के लिए राजनीतिक दलों का बिहार पहुंचना शुरू हो चुका है। इस बैठक को लोकसभा चुनाव 2024 की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है। इस बैठक से यह तस्वीर बहुत हद तक साफ हो जाएगी कि 2024 की लड़ाई कैसी होगी। लेकिन इतनी महत्त्वपूर्ण बैठक के पहले आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर श्सबसे पहले मेरी बातश वाली नीति पर चलते हुए पटना में पोस्टरबाजी शुरू कर दी है। आम आदमी पार्टी सूत्रों ने यहां तक कहा है कि यदि कांग्रेस ने दिल्ली अध्यादेश के मामले पर अरविंद केजरीवाल का साथ नहीं दिया तो पार्टी विपक्षी दलों की बैठक



का बहिष्कार भी कर सकती है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि केजरीवाल की इस तरह की जल्दबाजी विपक्षी एकता के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है।

अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले प्रेस कांफ्रेंस कर यह कहा कि विपक्षी दलों की बैठक में सबसे पहले दिल्ली अध्यादेश का मुद्दा तय होना चाहिए। इस अध्यादेश को उन्होंने संविधान और देश के लिए बेहद आवश्यक बताया और कहा कि यदि यह अध्यादेश कानून बन गया तो बाद में इसी तरह अध्यादेश के जरिए दूसरे राज्यों के अधिकारों में भी कटौती की जाएगी। इससे देश की संसदीय प्रणाली को खतरा पैदा हो जाएगा। इसके बाद आप ने विपक्षी दलों की बैठक में संविधान की पुस्तक लेकर जाने की बात कही और बैठक के ठीक एक दिन पहले पटना की सड़कों–गलियों में पोस्टरबाजी शुरू कर दी।

## खराब मौसम की वजह से टला अमित शाह का बालाघाट दौरा, रानी दुर्गावती 'गौरव यात्रा' शुरू

भोपाल। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का बालाघाट दौरा खराब मौसम की वजह से रद्द कर दिया गया है। गृहमंत्री शाह के हेलिकॉप्टर को बीच रास्ते से ही रायपुर लौटना पड़ा। जनसभा को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने संबोधित किया। शाह का यह दौरा महत्वपूर्ण था क्योंकि इसे मध्य प्रदेश में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए आदिवासी वोटर्स को लुभाने की भाजपा की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा था। अमित शाह को वीरांगना रानी दुर्गावती के चरणों में श्रद्धा–सुमन अर्पित करने के बाद गौरव यात्रा का शुभारंभ करना था, जिसका समापन 27 जून को शहडोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। गुरुवार को बालाघाट के



अलावा छिंदवाड़ा, सिंगरामपुर, जबेरा, कलिंजर फोर्ट यउत्तरप्रदेश और कुसमी से भी गौरव यात्रा शुरू हो गई। ये यात्राएं 27 जून को शहडोल पहुंचेगी। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में यात्रा का समापन होगा। यहां पीएम सिकल सेल एनीमिया के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल में दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। अमित शाह और मोदी के मध्य प्रदेश दौरे को आदिवासी वर्ग के लिए भाजपा के संदेश के तौर पर देखा जा रहा था कि उनका भला सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। दरअसल, 2018 के चुनाव में आदिवासी वोटर भाजपा से छिटक गए थे। प्रदेश की 230 सीटों में से 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इनमें कांग्रेस को 31 और भाजपा को 16 सीटें मिली थी। भाजपा की सरकार जाने के पीछे भी यही वजह बताई गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए भाजपा ने इस वर्ग पर फोकस बढ़ा दिया है। प्रदेश में अलग–अलग जनजातियों की 22 फीसदी आबादी

प्रदेश में जनजातियों की कुल आबादी करीब 22 प्रतिशत है। इसमें सबसे ज्यादा भील–भिलाला 60 लाख, गोंड 51 लाख, सहरिया 47 लाख और कोरकू और अन्य 12 लाख हैं। इसमें से दूसरी सबसे बड़ी जनजाति गोंड अधिकतर नर्मदा नदी के किनारे निवासरत है। इसके अलावा बैगा और कोरकू भी इस तरफ ज्यादा है। शहडोल, मंडला, बालाघाट, छिंदवाड़ा, बैतूल, नर्मदापुरम में इनकी संख्या ज्यादा है। पहली यात्रा को केंद्रीय मंत्री अमित शाह को हरी झंडी दिखानी थी। उनका कार्यक्रम रद्द होने के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने यात्रा को रवाना किया। यह यात्रा बैहर, बिछिया, डिंडोरी, पुष्पराजगढ़, अनूपपुर, जैतपुर होकर शहडोल पहुंचेगी।

# उपमुख्यमंत्री ने वाराणसी व विन्ध्याचल मंडल में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा

## समीक्षा दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## गांवों में विकास की रफ्तार तेज कर स्मार्ट शहरों की तरह स्मार्ट विलेज बनाना है

लखनऊ खबर दृष्टिकोण द्यउत्तर प्रदेश उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को आयुक्त सभागार वाराणसी में वाराणसी व विन्ध्याचल मंडल में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा– निर्देश दिये। उन्होंने दोनों मंडल के क्षेत्र पंचायत प्रमुखों तथा खंड विकास अधिकारियों के साथ संवाद करते हुए उनसे जनकल्याणकारी योजनाओं क्रियान्वयन शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ किये जाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि तभी इसका लाभ जन सामान्य को त्वरित ढंग से मिल सकेगा।उन्होंने कहा कि खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख के बीच का संबंध भाई–भाई का होना चाहिए, ताकि योजनाओं की प्रगति अच्छे से हो सके। मनरेगा का काम ब्लॉक के माध्यम से हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिए। ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी नियमित संयुक्त रूप से बैठकर आपस में कार्यो के प्रगति की समीक्षा करें। अब स्मार्ट विलेज की बात होनी चाहिए, ताकि प्राथमिकता के आधार पर सरकार की योजनाओं से गांव का विकास हो सके।उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि गांवों में विकास की रफ्तार तेज कर स्मार्ट शहरों की तरह स्मार्ट विलेज बनाना है।बीडीओ व ब्लाक प्रमुख आपसी तालमेल व समन्वय बनाकर विकास कार्यों को गति प्रदान करें। निर्देश दिए कि डीएम व सीडीओ

- ❖ डीएम व सीडीओ प्रत्येक माह बीडीओ व ब्लाक प्रमुखो के साथ बैठक करें।
- ❖ उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र पंचायत प्रमुखों तथा खंड विकास अधिकारियों से किया सीधा संवाद।
- ❖ गांवों में सप्ताह में एक दिन विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाय।

प्रत्येक माह बीडीओ व ब्लाक प्रमुखो के साथ बैठक करें और बीडीओ प्रत्येक माह बीडीसी मेम्बर्स व प्रधानों के साथ बैठक करें। उपमुख्यमंत्री ने क्षेत्र पंचायत प्रमुखों से संवाद किया। जिसमें सोनभद्र के प्रमुखों द्वारा बजट बढ़ाने, नेटवर्क की समस्या, बालिका विद्यालय की स्थापना, दुद्धी ब्लाक प्रमुख द्वारा ब्लाक के कर्मचारियों द्वारा सहयोग न करने की बात भी रखी गयी। मिर्जापुर के पहाड़ी ब्लाक प्रमुख द्वारा सेक्रेटरी के सहयोग न मिलने तथा ब्लाक प्रमुखों को उचित सम्मान न मिलने की बात कही गयी। बरहनी ब्लाक के प्रमुख द्वारा खाता संचालन में क्षेत्र प्रमुखों के रोल की बात भी रखी गयी।

रेवतीपुर के ब्लाक प्रमुख द्वारा ब्लाक प्रमुख के अधिकार तथा उनके कार्यों के संबंध में एक कार्यशाला आयोजित करने को कहा गया। कहा कि क्षेत्र पंचायत प्रमुखों की बैठक में ब्लाक का कोई कर्मचारी अनुपस्थित रहता है, तो उनका एक दिन का वेतन काटने का भी निर्देश दिया। उन्होंने



निर्देशित किया कि जलाशयों पर हुए कब्जे को हटाया जाए तथा उनके अलग–बगल खाली जमीन पर छायादार पेड़, चारागाह, खलिहान, टहलने को रैम्प बनाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम की शुरुआत संवाद कार्यक्रम से हुई।

जिसके बाद मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी द्वारा दोनों मंडलों के ग्राम विकास के कार्यों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों, ग्राम पंचायत चौपाल के आकड़े को पीपीटी के माध्यम से उप–मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। उपमुख्यमंत्री ने अमृत सरोवर के कार्यों को सीडीओ और संबंधित बीडीओ को प्रमुखता से देखने का निर्देश दिया। वृक्ष व जल दोनों के कार्यों पर मुख्य फोकस रखना ये हम सभी की संयुक्त जिम्मेदारी है। ग्राम सभा हमारी विकास की केंद्र बिंदु हमेशा से रही है। 2014 के बाद से क्षेत्र निधिध्पंचायत निधि मेंइसी से बढ़ोत्तरी की गयी है ताकि गांव विकास से अछूता न रह जाए।ग्राम चौपाल से 2 दिन पहले स्वच्छता अभियान जरूर चलाएं। विकास में कोई बाधा स्वीकार नहीं की जायेगी। जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के चुनाव भी सीधे जनता के माध्यम से हो इस दिशा में सरकार प्रयास करेगी।

4 करोड़ गरीबों को पूरे देश में अब तक आवास उपलब्ध कराये गये हैं। बाबा विश्वनाथ की नगरी से सभी लोग अपने क्षेत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने का संकल्प लेकर जाएं। महिलाओं ने बीसी सखी के माध्यम से देश प्रदेश में अपनी नयी पहचान बनायी। 10 लाख नये समूह और बनने हैं। पीएम आवास की 90: लाभार्थी महिलाएं हैं। मनरेगा के पेमेंट को बीसी सखी के माध्यम से कराने का कार्य किया जाये ताकि उनको भी कुछ लाभांश मिल सके। 10 पिछड़े गांव की पहचान करके उनको प्राथमिकता के आधार पर आगे लाने के उपाय करें ताकि वो भी विकास में आगे निकल सकें। इस अवसर पर स्टाम्प मंत्री रविंद्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह, अजगरा विधायक त्रिभुवन राम, रोहनिया विधायक सुनील पटेल, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम समेत दोनों मंडल के क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के साथ ग्राम विकास विभाग के अधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने किया।

# विशेषज्ञता के लिए अधिकारी व मंत्री देश भर के किसी भी संस्थान से ले सकते हैं प्रशिक्षण

## सामाजिक क्षेत्र के विभिन्न स्तंभों को अधिकारी कर सकते हैं चिन्हित, अधिकारी अपनी रुचि के अनुसार चुन सकते हैं सामाजिक क्षेत्र

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ।लखनऊ समाज कल्याण विभाग अमृत काल के इस वित्तीय वर्ष को 'विशेषज्ञता वर्ष' के रुप में मनायेगा. विभाग को अमृत काल में आगे बढ़ने के लिए ग्लोबल स्तर की विशेषज्ञता की जरूरत होगी, जिसके लिए राजनैतिक रूप से चयनित मंत्री, मंत्रालय में कार्य करने वाले आईएएस व अन्य अधिकारी और निदेशालयों व कॉरपोरेशनों में कार्य करने वाले विशेषज्ञ, अधिकारी या कर्मी, प्रत्येक को अपनी विशेषज्ञता का विकास करना होगा, जिसके लिए निदेशालय समाज कल्याण में मंत्री असीम अरुण की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें वीसी के माध्यम से समस्त जनपदीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें विशेषज्ञता के स्तम्भ चिन्हित किए गए, विशेषज्ञता विकसित करने और उसका उपयोग करने के साथ ही संबंधित को प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया । जिसके अंतर्गत विभागीय अधिकारी व मंत्री अपनी रूचि के अनुरूप सामाजिक क्षेत्र के किसी एक स्तम्भ को चुन कर उसमें विशेषज्ञता हासिल करेंगे। विशेषज्ञता के लिए अधिकारी देश भर के किसी भी संस्थान से प्रशिक्षण ले सकते हैं। 'विशेषज्ञता वर्ष' मानाने को लेकर विस्तृत कार्ययोजना क्या होगी, इसके लिए श्री अरुण ने समाज कल्याण निदेशक को पत्र लिखा है।

### रूचि का क्षेत्र चुन सकते हैं अधिकारी

बैठक में निर्णय लिया गया कि वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर, वंचित वर्गों के शिक्षा के प्रबंध या नीतियाँ, वंचित वर्गों के लिए स्वावलंबन सम्बन्धी नीतियाँ, ‍ब्, अफर्मेटिव एक्शन, सामाजिक कार्य सम्बन्धी नीतियों का निरूपण आदि विषयों को विशेषज्ञता के लिए रखा गया है. कोई भी अधिकारी अपनी रूचि के अनुसार एक क्षेत्र को चुन कर उसमें विशेषज्ञता हासिल कर सकता है. विभागीय मंत्री असीम अरुण ने बताया कि विशेषज्ञता के लिए अधिकारी स्व–अध्ययन के साथ राष्ट्रीय स्तर के संस्थाओं में प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकते हैं. अधिकारी ऑन लाइन कोर्स भी कर सकते है.

### विशेषज्ञता का होगा उपयोग

विशेषज्ञता विकसित होने के बाद अधिकारियों को उनकी रूचि के अनुसार नियुक्ति दी जा सकती है. इसके साथ ही आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ समितियों में भी शामिल किया जा सकता है।

# मोहनलाल गंज में अवैध प्लाटिंग पर चला एलडीए का बुलडोजर

खबर दृष्टिकोण लखनऊ। संवाददाता आनंद गुप्ता

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा शहर मेंअवैध निर्माण ध्प्लाटिंग के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में बुधवार मोहनलालगंज के पुरसैनी में 25 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग केध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। इसके अलावा बाजारखाला के मेहंदीगंज में एक अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील किया गया। प्रवर्तन जोन–2 के जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अंशुमान सिंह व बॉबी तिवारी द्वारा मोहनलालगंज के पुरसैनी गांव में लगभग 25 बीघा जमीन पर अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य कराया जा रहा था। प्राधिकरण से बिना ले–आउट स्वीकृत कराये की जा रही इस अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा वाद योजित करते हुए ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गयेथे। इसकेअनुपालन मेंआज सहायक अभियंता वाई0पी0 सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता उस्मान अली व नागेन्द्र मिश्रा द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गयी। इस दौरान विपक्षी द्वारा प्रश्नगत स्थल पर बनवायी गयी सड़कें, बाउन्ड्रीवॉल, साइट आफिस, गेट व नाली आदि को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

**प्रवर्तन जोन–2 की टीम ने की कार्रवाई**

# डिलेवरी के पश्चात् महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

लखनऊ खबर दृष्टिकोण। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र में एक गर्भवती महिला की एक निजी अस्पताल में डिलेवरी के पश्चात् हालत बिगड़ गई जिसपर अस्पताल के डॉक्टरों ने लॉरी के लिए रेफर कर दिया वहीं लॉरी अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ठाकुरगंज थाना क्षेत्र के मकान संख्या 448/28 नगरिया में रहने वाले गोपी किशन के मुताबिक उसकी पत्नी श्रद्धा (28) गुप्ता गर्भवती थी जिनका इलाज रेखा हॉस्पिटल नर्सिंग होम मोहनीपुरवा थाना ठाकुरगंज से चल रहा था। बुधवार को 2 उसकी पत्नी को दर्द ज्यादा होने के कारण उक्त हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहाँ सुबह समय आपरेशन के द्वारा उसकी पत्नी को एक बच्चा हुआ। आपरेशन के कुछ समय बाद उसकी पत्नी को दर्द शुरू हुआ व स्थिति गंभीर होने पर हॉस्पिटल की डॉ रेखा रस्तोगी द्वारा हार्ट अटैक की संभावना बताकर लारी कार्डियोलॉजी के लिए रेफर कर दिया गया। लारी अस्पताल पहुंचने पर वहाँ के डॉक्टरों ने उसकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मां ने तीन बच्चों के साथ कुएं में लगाई छलांग, चारों की दर्दनाक मौत

लखनऊ। प्रतापगढ़ में पति से मामूली झगड़ा होने पर पत्नी ने तीन मासूम बच्चों के साथ मिलकर कुएं में कूद गई। यह देख लोगों में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में स्थानीय लोगों ने पुलिस को इस मामले की जानकारी दी, लेकिन पुलिस आने से पहले ही मां और बच्चों की कुएं में दर्दनाक मौत हो गई। घटना कोहंडौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद नरहरपुर गांव में एक महिला ने अपने 3 बच्चों के साथ कुएं में छलांग लगा दी जिससे कुएं में डूब गए चारों की दर्दनाक मौत हो गई। लोगों ने तुरंत इस मामले में पुलिस को सूचना दी, पुलिस के पहुंचने से पहले ही चारों की मौत हो गई थी। पुलिस ने जानकारी परिवार के लोगों को दी जिसे सुनकर परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस ने फायर ब्रिगेड की सहायता से कुएं में से चारों के शवों को बाहर निकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।पुलिस ने छानबीन के दौरान बताया कि बुधवार को सोहनलाल परदेस के लिए निकल गया था। उसकी पत्नी प्रमिला देवी उम्र 35 वर्ष पति के साथ परदेस जाने की जिद कर रही थी, लेकिन उसने पैसों का हवाला देकर साथ ले जाने में असमर्थ था।उसने पत्नी से कहा पैसों की व्यवस्था करते ही तुझे और बच्चों को साथ में ले जाऊंगा। इतना बोलकर प्रमिला का पति वहां से निकाल जाता है उसके कुछ देर बाद ही प्रमिला अपने 3 बच्चों को लेकर कुएं में छलांग लगा दी। जिससे पानी में डूब कर चारों की मौत हो गई।

# मुख्तार अंसारी के करीबी माफिया सलीम रुस्तम के बहनोई ने अपने साथियो संग प्रश्वपर्टी डीलर से मांगी 50 लाख की रंगदारी

## बीच रास्ते में गाड़ी रोक असलाहधारी बदमाशों ने दी धमकी, आशियाना थाना क्षेत्र का मामला, मुकदमा दर्ज

आलमबाग खबर दृष्टिकोण। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी एवं सलीम रुस्तम सोहराब के बहनोई ने अपने साथियो संग मिलकर प्रॉपर्टी डीलर का पीछा कर रास्ता रोक गाड़ी से उतर धमकी देते हुए 50 लाख रुपये रंगदारी की मांग करने लगे और रंगदारी न देने पर कारोबार न कर पाने और अंजाम भुगत लेने की धमकी देते हुए चलते बने। माफिया गैंग से जुड़े इस करतूत से दहशत में आये प्रॉपर्टी डीलर ने स्थानीय पुलिस से मदद की गुहार लगाते हुए लिखित शिकायत की है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ रंगदारी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है। आशियाना थाना क्षेत्र के औरंगाबाद जागीर निवासी बाबूलाल पुत्र स्व कल्लू पेशे से प्रॉपर्टी डीलर है और घरौदा इन्फास्ट्रचर के नाम से जमीन का कारोबार करते है। पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर के मुताबिक सहजादे जो कि माफिया सलीम, रूसतम, सोहराब का बहनोई है तथा माफिया मुख्तार अंसारी का भी करीबी है उससे कारोबार को लेकर दुश्मनी चल रही है। बीते 14 जून की शाम वह बिजनौर से निकल अपने घर वापस जा रहे रहे थे। इसी दौरान शहजादे अपने असलाहधारी साथियो संग अपनी गाड़ी से पीछा कर औरंगाबाद अंडरपास के निकट ओवरटेक कर उनकी गाड़ी को रोक लिया और गाड़ी से उतर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बोले कि 50 लाख की व्यवस्था कर ले नहीं तो जान से जाएगा और जमीन का काम करना भूल जाएगा और अपने आका को बता देना कोई बचा नहीं पायेगा। इस हरकत से पीड़ित प्रॉपर्टी डीलर काफी खौफजदा हो गया और स्थानीय पुलिस से अपनी जान माल के सुरक्षा का गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ स्थानीय थाने पर शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर गाली गलौज धमकी एवं अवैध वसूली के मांग के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी मनोज कुमार भदौरिया ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जिसकी तफ्तीश की जा रही है।




### माफियाओ के दम पर कई सरकारी जमीनों पर भी शहजादे का है कब्जा

आशियाना औरंगाबाद जांगीर निवासी बाबूलाल ने बताया कि आरोपी शहजादा सलीम रुस्तम सोहराब का बहनोई है एवं मुख्तार अंसारी का भी करीबी है माफियाओ का संरक्षण प्राप्त कर आरोपी अपने साथियो संग मिलकर क्षेत्र में दबंगई कायम कर रखा है। माफियाओ का भय दिखाकर कई सरकारी जमीनों पर भी अवैध कब्जा कर रखा है और कई लोगो से जबरन जमीने अपने नाम पर करा रखा है।

# लापता हास्टल संचालक का नगराम में इंदिरानहर में उतराता मिला शव

## बीबीडी थाना क्षेत्र से लापता हास्टल संचालक का नगराम में इंदिरनहर में उतराता मिला शव

## परिजनो ने हत्या कर शव को नहर में फेके जाने का लगाया आरोप



### शिकायत पर बीबीडी पुलिस ने नही की कार्यवाही..

राहुल कुमार मिश्रा ने बताया काफी खोजबीन के बाद भी लापता भाई दीपक का पता ना चलने पर बुद्धवार को बीबीडी थाने पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर भाई को तलाशने की गुहार लगायी,लेकिन पुलिस ने खुद से खोजने की बात कहकर उसे बिना कार्यवाही के थाने से चलता कर दिया।जिसके बाद सेवो परिजनो संग लापता भाई को खोज रहा था।

### हत्या कर भाई के शव को नहर में फेके जाने का लगाया आरोप...

नगराम के सलेमपुर अचाका गांव से गुहरी इंदिरानगर में हास्टल संचालक दीपक का शव मिलने की जानकारी होने के बाद मौके पर पहुंचे भाई राहुल ने अज्ञात लोगो पर भाई दीपक की हत्या कर शव को नहर में फेके जाने का आरोप लगाते हुये नगराम पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की तो पुलिस ने उसे बीबीडी थाने में मुकदमा दर्ज कराने की बात कहकर चलता कर दिया।

### पीएम मेंसिर मेंदो चोटे लगने व डुबने से मौत की पुष्टि.....

**मृतक दीपक के शव का गुरुवार की शाम पोस्टमार्टम हुआ,जहां पीएम में डाक्टरो ने सिर में दो चोटे लगने सहित डुबने से मौत की पुष्टि की। जिसके बाद हास्टल संचालक दीपक की हत्या कर शव को नहर में फेंके जाने की सम्भावना प्रबल हो गयी है।**

### वर्जन...

gn'k dekj ¼Mh l h ih ioh½

बीबीडी थाने से जानकारी लेने पर पता चला है लापता युवक के परिजनो ने पुलिस से लिखित शिकायत नही की थी, पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

मोहनलालगंज। बीबीडी थाना क्षेत्र से सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हास्टल संचालक का शव गुरूवार को नगराम के सलेमपुर अचाका गांव से गुजरी इंदिरानहर के रेगुलेटर के पास पानी में उतराता मिला,उधर से गुजरे राहगीरो की सूचना के बाद मौके पर पहुंची नगराम पुलिस ने गोताखोरो की मदद से शव को बाहर निकलकर मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी शिनाख्त करायी।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे राहुल कुमार मिश्रा निवासी सरैया थाना परसपुर,जनपद गोडा ने मृतक की शिनाख्त अपने भाई दीपक मिश्रा के रूप में करते हुये बताया उसका भाई लॉ की पढाई करने के साथ ही अपने खर्च के लिये बीबीडी थाना क्षेत्र में स्टूडेंटो ब्वाय हास्टल का संचालक करता है,बीते मगंलवार की रात आठ बजे के करीब भाई दीपक सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हो गया था,जिसके बाद से उसके दोनो मोबाइल नम्बर स्वीच आफ हो गये थे,काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ भी पता नही चल रहा था।इंस्पेक्टर नगराम इंस्पेक्टर हेमंत राघव ने बताया मृतक दीपक के शव की शिनाख्त कराने के बाद पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दे जालसाज ने एक लाख रुपये की ठगी।



लखनऊ खबर दृष्टिकोण। अलीगंज थाना क्षेत्र में जालसाज ने एक खाताधारक को फोन कॉल कर क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा दे एप्प डाऊनलोड करा उसके खाते से दो बार में एक लाख रूपये ट्रांसफर कर लिए। जिसपर पीड़ित खाताधारक ने साइबर सेल में शिकायत कर स्थानीय थाने पर शिकायत की है।

अलीगंज थाना क्षेत्र के दूरसंचार कालोनी 97 में रहने वाले

चन्द्रवंश भारती पुत्र श्याम लाल के मुताबिक बीते 20 जून को उनके मोबाईल फोन पर दोपहर समय एक कॉल आया। कॉलर ने अपने आरबीएल बैंक कर्मी के रूप में परिचय दिया क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की बात करते हुए खाताधारक को मोबाइल में एप डाउनलोड करा क्रेडिट कार्ड का नंबर एप में डालने को कहा। जिसके बाद क्रेडिट कार्ड से दो बार में एक लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। रुपये कटने का मैसेज आने पर उन्हें जानकारी हुई। जिसपर साइबर सेल में शिकायत कर नंबर आधार पर स्थानीय थाने पर शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर धोखाघड़ी एवं आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पीला इटा वबालू से निर्मित हो रहा प्राइमरी स्कूल, लक्ष्मणपुर

# बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़







खबर दृष्टिकोण संवाददाता

गोसाईगंज लखनऊ ब्लॉक गोसाईगंज अंतर्गत अनाया खरगापुर मजरे के लक्ष्मणपुरके जूनियर बेसिक विद्यालय का भवन अत्यंत ही जर्जर था, जिसका निर्माण कार्य चल रहा है जहां की निर्माणाधीन विद्यालय में पीला ईटा व बालू तथा मौरंग भी काफीआर गड़बड़ लगाई जा रही है जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उनके आदमी नियम कानून को ताख पर रखकर अधिक मात्रा में बालू मशाले मे डाल कर चुनाई करा रहे हैं वह सरकारी धन को चुना तो लगा ही रहे हैं इसके अलावा न्यू में भी पीला ईटाका प्रयोग किया गया है लोग कहते हैं कि यदि न्यू ही मजबूत नहीं रहेगी तो इमारत कैसे मजबूत होगी यह कहावत इस स्कूल से चरितार्थ की जाती है साथ ही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं ग्रामीणों ने बताया कि भवन निर्माण में सामग्री की नीलामी सार्वजनिक रूप में होती है लेकिन प्रशासन के आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए गुपचुप तरीके से नीलामी कर दी गई सार्वजनिक रूप में किसी को सूचना नहीं दी गईऔर बालू की चुनाई धड़ल्ले से चल रही है यदि मामले में त्वरित कार्यवाही न की गयी तो शिकायत सी डी ओ सहित अन्य अधिकारियों से भी की जायेगी।

## सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन किया जाएगा ट्रांसफर

लखनऊ खबर दृष्टिकोण। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, उप प्रधानाचार्य, प्रवक्ता, सहायक अध्यापक पुरुष–महिला के स्थानान्तरण सत्र में एनआईसी द्वारा विकसित वेबसाइट upsecgtt-upsdc-gov-in के माध्यम से ऑनलाइन पारदर्शी प्रक्रिया द्वारा स्थानान्तरण का निर्णय लिया गया है। स्थानान्तरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 जून से प्रारम्भ होकर 25 जून की सायं 04.00 बजे तक ही किया जायेगा। आवेदकों को आवेदन करते समय स्वयं के मोबाइल नम्बर एवं ई–मेल आईडी का प्रयोग करना होगा। आवेदन पत्र ऑनलाइन ही सबमिट होगा। किसी अन्य माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट upsecgtt-upsdc-gov-in पर उपलब्ध दिशा निर्देशों का भी ध्यान पूर्वक अध्ययन अवश्य कर लें। शिक्षकों की पृच्छाओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन मो.नं. 8317054632 पर कॉल या वाट्सएप्प तथा ई–मेल onlineteachertransfer2023@gmail-com के माध्यम से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

## खबर एक नजर में




## तालकटोरा पुलिस द्वारा दो शातिर चोर गिरफ्तार कर चोरी की घटना का किया सफल अनावरण

### *चोरो के कब्जे से कीमती गहने एवं फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल बरामद।*

लखनऊ खबर दृष्टिकोण। आदर्श थाना तालकटोरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में पांच दिन पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए थाना क्षेत्र दो शातिर चोरो गुरुवार को गिरफ्तार किया है। चोरो के कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी हुई शत प्रतिशत कीमती आभूषण समेत फर्जी नंबर प्लेट लगी एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। जिसपर पुलिस ने कार्यवाई करते हुए दोनों शातिरों को जेल भेज दिया है। तालकटोरा थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के मुनेश्वर पुरम शिया कालोनी में बंद घर का ताला तोड़कर आभूषण व नगदी चोरी करने के संबंध में मुकदमा दर्ज कर खुलासे के लिए टीम गठित किया गया था। गुरुवार पत्थरकटा मस्जिद के पास से दो शातिर चोरो को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे चोरी हुए आभूषणों की शत प्रतिशत बरामदगी किया गया जिसकी अनुमानित कीमत करीब छः लाख रूपये है व कूटरचित फर्जी नंबर प्लेट लगा एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है मोटरसाइकिल चोरी की है जिसका मुकदमा चिनहट थाने में दर्ज है। पुलिस की पूछताछ में शातिरों ने चोरी की वारदात को कबूल करते हुए अपना परिचय अफजल पुत्र मो0 सफी निवासी ग्राम गोपालापुर थाना बिसवां जनपद सीतापुर व दूसरे ने वसीम उर्फ कल्लू पुत्र कमाल अहमद निवासी नबी नगर मौजा इस्माइलगंज थाना तम्बौर जनपद सीतापुर के रूप में दिया है। दोनों शातिरों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में धाराओं की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है।

## 12 वर्षीय नाबालिक को गांव के ही युवक ने बहला फुसला कर भगाया , मुकदमा दर्ज।

सरोजनीनगर खबर दृष्टिकोण। बंथरा थाना क्षेत्र में रहने वाले पीड़ित पिता ने गाँव के ही एक युवक पर उसकी नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगा लिखित शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बंथरा गांव में रहने वाले कमलेश पासी के मुताबिक बीते 19 जून की दोपहर गाँव में रहने वाला संदीप लोधी पुत्र सुनील लोधी नामक युवक उनकी 12 वर्षीय पुत्री सोनम को शादी का झांसा दे बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया है जिसे उन्होंने काफी तलाशा लेकिन उनकी पुत्री नहीं मिली। पिता की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश में जुटी हुई है।

## अधिवक्ता ने प्रापर्टी डीलर पर धोखाघड़ी से 15 लाख रूपये ठगी करने का आरोप लगा दर्ज कराया मुकदमा

आलमबाग खबर दृष्टिकोण। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक अधिवक्ता ने बुधवार को आशियाना थाने में एक प्रापर्टी डीलर के खिलाफ जमीन के नाम पर 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि पैसे लेने के बाद डेढ़ साल से प्रापर्टी डीलर अधिवक्ता को टहला रहा था, जब अधिवक्ता ने पैसे मांगे तो जान से मारने की धमकी देने लगा।अवधेश सिंह चौहान पेशे से अधिवक्ता हैंऔर अपने परिवार के साथ सरोजनीनगर के पिपरसंड मेंरहते हैं। अधिवक्ता के अनुसार दिसंबर 2019 मेंउनकी मुलाकात प्रापर्टी डीलर पंकज सिंह प्रियदर्शी से हुई थी जिसका आशियाना के सेक्टर के मेंआराध्या इंफ्रा प्रा लि रियल स्टेट कंपनी के नाम से आफिस था और वह इस कंपनी का संचालक है। ग्राम रतौली में चल रही उसकी प्लाटिंग मेंअधिवक्ता 3 हजार स्क्वायर फिट प्लाट लेने की इच्छा जताई और 15 लाख रुपये मेंसौदा तय हुआ। अधिवक्ता का आरोप है दिसंबर 2021 तक उन्होने 15 लाख रुपये पंकज को दे दिए लेकिन पंकज उन्हे रजिस्ट्री के लिए बार बार टालता रहा। हाल ही मेंजब अधिवक्ता ने शिकायत करने की बात कही तो पंकज ने उसे तीन चेक दिए लेकिन सभी चेक फर्जी निकले। अधिवक्ता ने जब अपने पैसे मांगे तो वह धमकियां देने लगा जिसके बाद अधिवक्ता ने उसके खिलाफ बुधवार को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया।

## बटाईदार की पिटाई के पांच आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के जैतीखेड़ा गांव निवासी राहुल ने बताया वो बटाई पर कई सालो से मालिक योगेश कुमार यादव की जमीन पर खेती करता है,विपक्षी मनोज उर्फ अमित,अभिषेक उर्फ ननकू,परवेश,आवेश उर्फ शेरू निवासीगण भवनखेड़ा मजरा जैतीखेड़ा उसे उक्त जमीन पर खेती ना करने के लिये धमकाते है,बीते रविवार की शाम सात बजे के करीब उसे सरेराह रोककर विपक्षीगणो ने जातिसूचक गालिया देते हुये लाठी डंडो से बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया ओर दोबारा उक्त जमीन पर दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी भी दी।अतिरिक्त इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार गौतम ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियो के विरूद्व मारपीट,जाघ्न से मारने की धमकी,बलवा समेत एसीध्एसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

## सूर्य मित्र योजना के तहत आईटीआई कॉलेज में निःशुल्क अल्पकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण शुरू

लखनऊ खबर दृष्टिकोण। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के अन्तर्गत सूर्य मित्र योजना के तहत लखनऊ के अलीगंज स्थित आईटीआई कालेज में निःशुल्क अल्पकालीन कौशल विकास प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिया गया है। जिसके लिए संस्थान में पंजीकरण आवेदन प्रारम्भ हो गया है। यह जानकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य आरएन त्रिपाठी ने दी।सूर्य मित्र योजना के तहत 3 सेक्टरो में 4 कोर्सों में अवधि 3–3 माह के लिए प्रारम्भ किया जाना है जैसे 1–सेक्टर–ग्रीन जॉब में सोलर पीवी इन्स्टॉलर, दूसरे सेक्टर में ऑटोमोटिव में फोर व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन तीसरे सेक्टर में इलेक्ट्रानिक्स् में ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन एवं चौथे सेक्टर में इलेक्ट्रानिक्स् में बैटरी सिस्टम असेम्बली ऑपरेटर कोर्स प्रारम्भ होना है।उपरोक्त अल्पकालीन कोर्स में आवेदन करने हेतु अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल या आईटीआई या डिप्लोमा आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं अंकपत्र, आधार कार्ड, फोटो एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त ले सकते हैं

## दोस्ती में बीएमडब्लू कार ट्रायल के बहाने दोस्त गाड़ी लेकर हुआ रफूचक्कर

### शिकायत पर अमानत में ख्यानत की धाराओं में मुकदमा दर्ज, आशियाना थाना क्षेत्र का मामला।

आलमबाग खबर दृष्टिकोण। आशियाना थाना क्षेत्र में एक दोस्त ने अपने दोस्त से उसकी बीएमडब्लू कार खरीदने की मंशा जता गाड़ी का ट्रायल के बहाने रफूचक्कर हो गया और दोबारा वापस लौट कर नहीं आया। अपने को ठगा महशुश कर गाड़ी मालिक ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत की है। पुलिस ने शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है। आशियाना थाना क्षेत्र के सेक्टर जे मकान संख्या 141 में रहने वाले आशीष कुमार तिवारी के मुताबिक कुछ माह पूर्व पॉवर हॉउस चौराहे पर उनकी मुलाकात दिल्ली बुद्ध विहार, सिब्बल सिनेमा, पहाड़ी ताजपुर गौरव नामक युवक से हुआ था धीरे–धीरे दोनों की आपस में दोस्ती हो गई। उसके दो महीने बाद ही गौरव ने उसकी बीएमडब्लू गाड़ी खरीदने की इच्छा जताई जिस पर वह बेचने को राजी हो गए गौरव ने गाड़ी को दो दिन के ट्रायल पर लिया उसके बाद से गौरव गाड़ी लेकर गायब हो गया। फोन करने पर कई कई बहाने बनाने लगा कि मम्मी की तबीयत खराब है इसलिये कुछ दिन बाद आकर गाड़ी का पैसा दे देगा और गाड़ी को ट्रांसफर करा लेगा। इस बिच उसने अपना फोन नंबर भी बदल दिया। किसी तरह उसका दूसरा नंबर प्राप्त कर संपर्क किया तो वह नंबर भी बंद कर दिया। विगत दस माह से उसकी गाड़ी लेकर लापता है गाड़ी के कई चालान भी हुए है जिसका मैसेज उसके मोबाईल फोन पर आया है। जिसकी शिकायत गाड़ी मालिक ने स्थानीय थाने पर की है। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी के खिलाफ अमानत में ख्यानत की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी है।

## अखिलेश यादव बोले, यूपी में कहीं नौकरी के बहाने तो कहीं खुलेआम राह चलते हो रही लूट

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा राज में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षण में कहीं नौकरी के बहाने तो कहीं खुलेआम राह चलते लूट की जा रही है। सरकारी विभागों में नौकरियां दिलाने के नाम पर आए दिन ठगी होती है। अखिलेश की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सिंचाई विभाग में संविदा पर 20 सहायक अभियंता, 26 अवर अभियंता और 39 कम्प्यूटर ऑपरेटरों को नियुक्ति पत्र जारी कर ठगा गया। सचिवालय में तो कई बार ठगों की कारस्तानी पकड़ी गई है। इनके तार मंत्री से लेकर आला अफसरों तक जुड़े होने की जांच चल रही हैं। होमगार्ड विभाग में भी कई घपले सामने आए हैं। कभी फर्जी नियुक्ति के केस पकड़े गए तो फर्जी ड्यूटी लगाने के भी मामले सुर्खियों में आए हैं। राजधानी में आए दिन चेन स्नैचिंग और मोबाइल छीनने की घटनाएं होती है। अखिलेश ने सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में ठगी और भ्रष्टाचार के बढ़ते मामले बिना सत्ता संरक्षण के तो नहीं हो सकते हैं।

## 11घंटे विधुत बाधित होने से आक्रोशित स्थानीय निवासियों ने उपकेंद्र में काटा हंगामा किया तोड़ फोड़

लखनऊ खबर दृष्टिकोण। पीजीआई थाना क्षेत्र में बुधवार को प्रातः 6रू27 बजे से लेकर शाम 5रू30 बजे तक की विधुत आपूर्ति ठप हो जाने के स्थानीय निवासियों का उपकेंद्र पर गुस्सा फुट पड़ा द्य सैकड़ो की संख्या में उपस्थित स्थानीय निवासियों ने उपकेंद्र पर पहुँच हंगामा करते हुए तोड़फोड़ शुरू कर दिया जिससे विधुत कर्मी दहशत में आ गए और भाग खड़े हुए द्य पटेल नगर नीलमथा में 11 घंटे की अघोषित विधुत कटौती से नाराज उपभोक्ताओं ने करीब दो सौ की संख्या में बिजली विभाग उपकेन्द्र उतरेठिया पर एकत्र हो गए विधुत कर्मियों द्वारा बातचित के दौरान सही जवाब न मिल पाने के कारण सेकडों की तादाद मे उपभोक्ताओं द्वारा जमकर हंगामा काटते हुए तोड़ फोड़ करने लगे। जिसको वहाँ के बिजली विभाग के कर्मचारियों ने समझा बुझा कर शांत करने की कोशिश किया गया,जिसमे भीड़ को संभालने की कोशिश मे कर्मचारियों को हल्की फुल्की चोटे आई, कर्मचारियों द्वारा भीड़ को नियंत्रण न होने पर 112 को सूचना दिया गया, सूचना आधार काफी तादाद मे पुलिस बल का प्रयोग कर भीड़ को तितर बितर किया। अवर अभियंता सुनील कुमार की शिकायत पर पीजीआई पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मारपीट तोड़फोड़ समेत सार्वजानिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है।

## स्वीट हॉउस दुकान का बैट्री रिक्शा चोरी कर उड़ा ले गये बैटरी व सिलेंडर

## सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई तीन चोरों की तस्वीर




आलमबाग खबर दृष्टिकोण। आशियाना थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने गुरूवार तड़के एक स्वीट हॉउस दुकान दुकान के बाहर खड़े ई रिक्शा को पार कर दिया और थोड़ी दूर ले जाने के बाद ई रिक्शा की बैटरी निकाल लिया साथ ही उसमें रखा सिलेंडर व पंखा लेकर चले गये। जब मिठाई की दुकान के कर्मचारियों को जानकारी हुई तो उन्होने ई रिक्शा खोजना शुरू किया और रेलवे लाइन के किनारे नाले में ई रिक्शा पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस को मौके से एक सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें तीन चोरों की तस्वीरें कैद हुई हैं।

रजनी खंड में प्रियम प्लाजा के पास मुकेश सिंह की लड्डू बेईमान के नाम मिठाई की दुकान है। मुकेश के मुताबिक उनका ई रिक्शा रोजाना दुकान के बाहर ही खड़ा होता है। गुरूवार भोर दुकान के कर्मचारी बाहर ही सो रहे थे और ई रिक्शा में पंखा लगा रखा था। गुरूवार सुबह 4 बजे के लगभग तीन चोर आये और पलक झपकते ही ई रिक्शा चुरा ले गये। जब सुबह 6 बजे के लगभग कर्मचारी सोकर उठे तो देखा कि ई रिक्शा और उसमें रखा कमर्शियल सिलेंडर व पंखा गायब था। कर्मचारियों ने ई रिक्शा खोजना शुरू किया तो रजनी खंड रेलवे लाइन के किनारे नाले में ई रिक्शा पड़ा मिला लेकिन ई रिक्शा की बैटरी, सिलेंडर और पंखा गायब था। कर्मचारियों ने तुरंत इसकी जानकारी दुकान मालिक मुकेश को दी तो मुकेश ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो चोरी करते हुए तीन चारों की तस्वीरें कैद हुई, पुलिस ने शिकायत दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# उद्यान मंत्री ने सरेनी ब्लाक में विभिन्न निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास




लखनऊ / रायबरेली खबर दृष्टिकोण द्यप्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को जनपद रायबरेली ने विकास खंड सरेनी की न्याय पंचायत घुरे मऊ में शीतल खेड़ा (मदई खेड़ा) के हरदेव बाबा मंदिर में जनसुविधा हेतु चबूतरा व शेड निर्माण कार्य, खोयामंडी बाजार में दशरथ चाट की दुकान से मुन्ना साइकिल की दुकान तक नाला निर्माण कार्य एवं प्रेम चेक में पक्की सड़क से मुलरिहा तलाब तक नाला निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इसी प्रकार मा० राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दिनेश प्रताप सिंह ने न्याय पंचायत रसूलपुर में रिहाई मजरे हथनासा में लालू सिंह के दरवाजे से डामर रोड तक 50 मीटर इंटरलॉकिंग कार्य एवं रमईपुर कला में सार्वजनिक स्थल पर ओपन जिम निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इस अवसर पर दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में केंद्र की सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 9 वर्ष पूर्ण होने के सुअवसर पर महाजनसम्पर्क अभियान के तहत, संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के दौरान रायबरेली में जनसभा की। उन्होंने कहा कि युगपुरूष देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विगत 9 वर्षों में हमारी सरकार द्वारा न केवल वंचित, शोषित लोगों को मुख्य धारा से जोड़ा बल्कि उनका सशक्तिकरण भी किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के हितों के लिए योजनाये लायी गयी है। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर ग्राम प्रधान ग्राम सभा की जमीन उपलब्ध कराते हैं तो मंडी परिषद द्वारा हाट बाजार निर्मित किए जाएंगे जिससे न केवल दुकानें लगाने वालों को बल्कि स्थानीय लोगों को लाभ होगा।

## कांग्रेस को यूपी में जगह देने को तैयार नहीं सपा, होर्डिंग ने खोल दी पोल

लखनऊ। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 23 जून को पटना में होने वाली विपक्षी दलों की बैठक पर पूरे देश की नजर है। बैठक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का पहुंचना तय माना जा रहा है पर ऐसा लगता है कि सपा यूपी में कांग्रेस को जगह देने के लिए तैयार नहीं हैं। कम से कम सपा कार्यालय के बाहर विपक्षी एकता को लेकर लगे होर्डिंग को देखकर तो यही कहा जा सकता है। खनऊ में सपा कार्यालय के बाहर लगे होर्डिंग में नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, अरविंद केजरीवाल, के चंद्रशेखर राव और जयंत चौधरी की तस्वीरें तो हैं पर कांग्रेस के किसी नेता की तस्वीर नहीं है। ऐसे में राहुल गांधी सहित किसी भी कांग्रेस नेता की तस्वीर न होना चर्चा का विषय बना हुआ है। होर्डिंग युवजन सभा के सचिव आशुतोष सिंह द्वारा लगाई गई है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि जो दल जिस राज्य में प्रभावशाली है कांग्रेस को वहां उसका समर्थन करना चाहिए। उनके बयान के आधार पर यही कहा जा रहा है कि सपा चाहती है कि यूपी में कांग्रेस उसका नेतृत्व स्वीकार करे। अखिलेश यादव ने 2024 के लए 80 हराओ भाजपा हटाओ का नारा दिया है। उन्होंने दावा किया है कि 2024 में सपा यूपी की सभी 80 सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

## संसदीय कार्य मंत्री ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल से की मुलाकात

### राज्यरानी एक्सप्रेस एवं बरेली एक्सप्रेस में 2 टियर एसी कोच को जोड़े जाने का रखा प्रस्ताव



लखनऊ खबर दृष्टिकोण। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव तथा केंद्रीय मंत्री उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण पीयूष गोयल से मुलाकात की। उन्होंने मुलाकात के दौरान दोनों केंद्रीय मंत्रियों को उत्तर प्रदेश से संबंधित विभिन्न प्रस्ताव भी दिए। सुरेश कुमार खन्ना ने रेल मंत्री से उत्तर प्रदेश में संचालित दो ट्रेनों राज्यरानी एक्सप्रेस एवं बरेली एक्सप्रेस में 2 टियर एसी कोच को जोड़े जाने का मांग प्रस्ताव दिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने रेल मंत्री से शाहजहांपुर में रिंग रोड पर एक उपरिगामी सेतु की मांग रखी। उन्होंने शहरों में काफी दिनों से बनी रेलवे पटरियों जिनका उपयोग रेलवे द्वारा नहीं किया जा रहा है, उन पर अतिक्रमण को रोकने एवं शहरों में जाम की समस्या को कम करने के लिए सड़क का निर्माण कराए जाने की अनुमति मांगी। उन्होंने प्रस्ताव में यह भी कहा कि यह संपत्तियां रेलवे की ही रहेंगी। संसदीय कार्य मंत्री ने केंद्रीय खाद्य मंत्री के समक्ष भारत सरकार द्वारा ओएमएसएसडी के अंतर्गत बिक्री किए जाने वाले गेहूं के लिए पारित आदेश के संबंध में अपना पक्ष रखते हुए कहा की गेहूं का रेट पैन इण्डिया बिल्कुल नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओएमएसएसडी के अंतर्गत बिक्री किए जाने वाले गेहूं के लिए पारित आदेश में पैन इण्डिया यूआरएस का बेस रेट 2125 व फेक का बेस रेट 2150 कर दिया गया है। इससे उत्तर भारत के सभी गेहूं उत्पादक राज्य जैसे उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड आदि प्रभावित होंगे। इससे गेहूं उत्पादक राज्यों की मिले काफी घाटे में चली जाएंगी व लगभग बंद हो जाएंगी, जिससे रोजगार भी प्रभावित होगा व किसानों तथा फ्लोर मिलों का नुकसान होगा। उन्होंने केंद्रीय खाद्य मंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखा कि गेहूं का रेट पूर्व में घोषित रेट के अनुसार 2350 व रेलवे भाड़ा तथा अन्य खर्चे जोड़ कर रखना चाहिए ताकि पूरे भारतवर्ष की फ्लोर मिले समान रूप से चल सके।

# बिखरते कुनबे से कमजोर होता एनडीए





रमेश सर्राफ धमोरा

**कभी कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, बालासाहेब ठाकरे, जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, नवीन पटनायक, चंद्रबाबू नायडू, जे जयललिता, प्रकाश सिंह बादल, शिबू सोरेन, ममता बनर्जी, प्रमोद महाजन जैसे दिग्गज नेताओं ने एनडीए का गठन किया था। उनका यह प्रयोग सार्थक भी साबित हुआ था। गठन के कुछ समय बाद ही एनडीए की केंद्र में सरकार भी बन गयी थी। बाद में एनडीए की सरकार को हटाने के लिए ही कांग्रेस ने यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस (यूपीए) का गठन किया था।**

कहने को तो केंद्र में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार चल रही है। मगर सरकार में शामिल दलों की सूची देखें तो एनडीए के नाम पर इक्का-दुक्का छोटे दलों को छोड़कर कोई भी बड़ी पार्टी केंद्र सरकार में शामिल नहीं है। कभी देश के अधिकांश बड़े दल एनडीए का हिस्सा होते थे। मगर आज स्थिति उसके उलट हो गई है। अब एनडीए नाम मात्र का रह गया है।

1998 में कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस विरोधी राजनीतिक दलों को एक छतरी के नीचे लाने के लिए अटल बिहारी बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का गठन किया था। जॉर्ज फर्नांडिस को इसका संयोजक बनाया गया था। 1998 के लोकसभा चुनाव से पूर्व गठित एनडीए में शामिल 16 दलों ने मिलकर चुनाव लड़ा और केंद्र में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बना ली थी। जो मात्र एक साल बाद ही अन्नाद्रमुक के समर्थन वापस लेने से गिर गई थी। 1999 में फिर अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी जो 2004 तक चली थी। गठन के समय एनडीए में छोटे-बड़े कुल 16 राजनीतिक दल शामिल थे। 1999 के चुनाव में 21 दल, 2004 में 12 दल, 2009 में 8 दल, 2014 में 23 दल व 2019 में 20 राजनीतिक दल एनडीए में शामिल होकर एक साथ चुनाव लड़े थे।

मगर अब एनडीए की स्थिति बहुत कमजोर हो गई है। एनडीए में शामिल अधिकांश बड़े राजनीतिक दल भाजपा से गठबंधन तोड़ कर अलग हो गए हैं। वर्तमान समय में एनडीए में छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 राजनीतिक पार्टियां शामिल हैं। जिस में भी बहुत सी पार्टियां नाम मात्र की ही है। एनडीए के कुनबे की बात करें तो इसमें भाजपा के अलावा अपना दल (सोनेलाल), ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन, नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी, मिजो नेशनल फ्रंट, नागा पीपुल्स फ्रंट, लोक जनशक्ति पार्टी, शिवसेन (शिंदे), सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा, अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस, अन्नाद्रमुक, पीएमके, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) जैसी पार्टियां शामिल है।

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद शिरोमणि अकाली दल, जनता दल (यूनाइटेड), शिवसेना, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी जैसे कई दलों ने भाजपा का साथ छोड़ दिया है। एनडीए छोड़ने वाले सभी दलों ने भाजपा नेतृत्व पर आरोप लगाया कि वह अपनी मनमानी करता है। एनडीए गठबंधन नाम मात्र का रह गया है। सारे फैसले भाजपा नेतृत्व ही करता है। 2019 में शिवसेना ने एनडीए में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। मगर बाद में राज्य विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री के पद को लेकर विवाद होने के बाद शिवसेना ने एनडीए छोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी व कांग्रेस के साथ मिलकर महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी बनाकर उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में सरकार बना ली। हालांकि भाजपा ने शिवसेना में ही फूट डलवा कर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनवा दिया। इसी तरह बिहार में मुकेश साहनी की वीआईपी पार्टी के तीनों विधायकों को तोड़कर भाजपा में विलय करा लिया। उत्तर प्रदेश में भी ओमप्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी एनडीए से बाहर निकल गई थी।

कभी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की द्रुमक, उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस, तेलुगू देशम पार्टी, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की जनता दल (सेकुलर), तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की तेलंगाना राष्ट्र समिति, बिहार में उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, हरियाणा जनहित कांग्रेस, तमिलनाडु की डीएमडीके, पीएमके, महाराष्ट्र का स्वाभिमानी पक्ष, बिहार में जीतन राम मांझी की हम पार्टी एनडीए का हिस्सा थी। आज ये सभी पार्टियां भाजपा से दूर जा चुकी है।

शिरोमणि अकाली दल और राजस्थान की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी तो किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार की नीतियों से खफा होकर एनडीए को छोड़ा था। शिरोमणि अकाली दल की नेता हरसिमरन कौर ने केंद्रीय मंत्री का पद भी छोड़ दिया था। उसके बाद पंजाब में हुए विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा व शिरोमणि अकाली दल ने अलग-अलग चुनाव लड़ा था। 2019 में राजस्थान की नागौर सीट हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी को देकर भाजपा ने उससे समझौता किया था। मगर अब हनुमान बेनीवाल भी अपनी एकला चलो की नीति पर काम कर रहे हैं। वह राजस्थान में खुलकर भाजपा के खिलाफ बोल रहे हैं और भाजपा को उखाड़ने में लगे हैं।

वर्तमान में देश के दस प्रदेशों में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं व 5 प्रदेशों में भाजपा नीत गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं। वही देश के चार प्रदेशों में कांग्रेस व 3 प्रदेशों में कांग्रेस यूपीए गठबंधन के मुख्यमंत्री शासन कर रहे हैं।

अरुणाचल प्रदेश, असम, गुजरात, गोवा, हरियाणा, मध्य प्रदेश, मणिपुर, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं। वही सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के प्रेम सिंह तमांग, नागालैंड में नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के नेफ्यू रियो, मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी के कानराड संगमा, महाराष्ट्र में शिवसेना (शिंदे) गुट के एकनाथ शिंदे, पुडुचेरी में अखिल भारतीय एनआर कांग्रेस के एन रंगास्वामी मुख्यमंत्री है।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हरियाणा में बहुमत नहीं मिलने पर वहां जननायक जनता पार्टी के दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री तथा कुछ निर्दलीय विधायकों को मंत्री बनाया गया था। उत्तर प्रदेश में अपना दल व निषाद पार्टी के विधायक भी मंत्रिमंडल में शामिल है। असम में असम गण परिषद व यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल सरकार में शामिल है। गोवा में भाजपा को पिछले विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिला था इस कारण वहां महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी व निर्दलीयों के सहारे से भाजपा की सरकार चल रही है। त्रिपुरा में इंडिजिनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा का एकमात्र विधायक शुक्ला चरण नोएतिया भी सरकार में शामिल है।

कभी कांग्रेस को सत्ता से हटाने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, बालासाहेब ठाकरे, जॉर्ज फर्नांडीज, शरद यादव, नवीन पटनायक, चंद्रबाबू नायडू, जे जयललिता, प्रकाश सिंह बादल, शिबू सोरेन, ममता बनर्जी, प्रमोद महाजन जैसे दिग्गज नेताओं ने एनडीए का गठन किया था। उनका यह प्रयोग सार्थक भी साबित हुआ था। गठन के कुछ समय बाद ही एनडीए की केंद्र में सरकार भी बन गयी थी। बाद में एनडीए की सरकार को हटाने के लिए ही कांग्रेस ने यूनाइटेड प्रोग्रेसिव एलायंस (यूपीए) का गठन किया था। कांग्रेस के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने दस वर्षों तक यूपीए एक और यूपीए दो कि सरकार चलायी थी। भाजपा जैसे-जैसे मजबूत हो रही है वैसे वैसे ही एनडीए गठबंधन कमजोर होता जा रहा है। भाजपा अपने अधिकांश पुराने साथियों की एनडीए से विदाई कर चुकी हैं। मगर 2024 के लोकसभा चुनाव में संघर्ष कड़ा होता देख भाजपा को फिर से एनडीए के साथियों की याद आने लगी है। इसीलिये भाजपा फिर अपने पुराने साथियों को एनडीए में लाने का प्रयास कर रही है। लेकिन भाजपा की फितरत से वाफिक दल शायद ही फिर एनडीए में लौटे। फिलहाल तो ऐसा ही लग रहा है।

## संपादकीय

# भयावह संकेत

रिपोर्ट भावी पीढ़ियों के भविष्य को लेकर गहरी चिंता जगाती है कि यदि बढ़ते र्यावरणीय तापमान को कम करने के गंभीर प्रयास न हुए तो आने वाले आठ शकों के बाद हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र के अस्सी फीसदी ग्लेशियर पिघल जाएंगे। स्संदेह इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट की यह चेतावनी तरे की घंटी है कि सुधर जाइए अन्यथा कुदरत के रौद्र का सामना करने के ये तैयार रहें। अध्ययन के निष्कर्षों के आधार पर आशंका है कि यदि ग्रीन उस गैसों का उत्सर्जन इसी तरह बढ़ता रहा तो हिंदूकुश हिमालयी क्षेत्र के स्सी फीसदी ग्लेशियर वर्ष 2100 तक नष्ट हो जाएंगे। ध्यान रहे कि दुनिया में वीय इलाकों के अलावा सबसे ज्यादा बर्फ इन्हीं इलाकों में जमा है। जिसे एकत्र ने में हजारों साल लगे हैं। अध्ययन के निष्कर्ष चौंकाने वाले हैं कि इस सदी के हले दशक के मुकाबले दूसरे दशक में ग्लेशियर 65 फीसदी तीव्र गति से पिघले , जो स्थिति की भयावहता को ही दर्शाते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले कसान के स्तर का पता इस बात से चलता है कि वर्ष 2100 तक यदि इसी ति से ग्लेशियर पिघलते रहे तो इस क्षेत्र के दो अरब लोगों के रोजगार व जीवन र भयावह असर पड़ेगा। इससे न केवल हमारी सिंचाई व्यवस्था ध्वस्त हो ायेगी , बल्कि पशुधन की भी भारी क्षति होगी। हिंदूकुश हिमालय क्षेत्र के ेशियर और बर्फ से आच्छादित पर्वत श्रृंखलाओं से जो जीवनदायी पानी क्षेत्र की रह नदियों के लिये निकलता है, वो करीब चौबीस करोड़ लोगों के पेयजल का ख्य स्रोत भी है। इतना ही नहीं, यदि तेजी से ग्लेशियर पिघलते हैं तो भीषण ढ़-हिमस्खलन से भारी पैमाने पर मानवीय क्षति भी होगी। दो साल पहले तराखंड के चमोली जनपद में ग्लेशियर टूटने से आई तबाही को दुनिया ने देखा । हमें भविष्य में ऐसे संकटों के लिये तैयार रहना होगा। उल्लेखनीय है कि ंदूकुश पर्वत श्रृंखला में पिघलते ग्लेशियरों पर अध्ययन करने वाले इंटरनेशनल टर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट नामक अंतर-सरकारी संगठन में भारत, न, नेपाल, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान व म्यांमार के सदस्य शामिल हैं। ध्ययन चेताता है कि यदि ग्लोबल वार्मिंग दो डिग्री सेल्सियस से नीचे रहती है क्षेत्र के ग्लेशियर वर्ष 2100 तक तीस से पचास प्रतिशत तक पिघलेंगे। किन यदि तापमान दो डिग्री से ज्यादा होता है तो इनके पिघलने की दर 55 से स्सी फीसदी तक रह सकती है। आसन्न संकट के मद्देनजर दुनिया के विकसित विकासशील देशों को इसे खतरे की घंटी मानते हुए युद्ध स्तर पर प्रयास करने ंगे। अन्यथा करोड़ों लोगों का जीवन संकट में फंस जायेगा। इससे जहां इन शों की खाद्य सुरक्षा तहस-नहस हो जाएगी, वहीं प्राकृतिक आपदा कई रूपों कहर बरपाएगी। सिंचाई के संसाधन नष्ट होने से खाद्यान्न संकट गहरा जायेगा। मोली गढ़वाल इलाके में वर्ष 2021 में आई प्रलयंकारी बाढ़ के मूल में भी ेशियर टूटने से आया सैलाब बताया जाता रहा है। बताया जा रहा है कि इस लाके में कई जगह ग्लेशियर पिघलने से छोटी-छोटी झीलें बन गई हैं। इनमें नी का लेवल बढ़ जाने से ये झीलें टूट जाती हैं, जिससे नदियों में बाढ़ आ जाती । वर्ष 2013 की केदारनाथ दुर्घटना के मूल में भी ग्लेशियर टूटने के बाद आई ढ़ को बताया जाता रहा है। विशेषज्ञ बताते हैं कि चमोली जनपद के इस इलाके एक हजार के लगभग ग्लेशियर हैं। तापमान बढ़ने से जब विशाल हिमखंड टते हैं तो भारी मात्रा में पानी निकलता है। हिमस्खलन के साथ चट्टानें व मिट्टी टकर नीचे आने से बाढ़ की स्थिति बन जाती है।

# पशुधन आयात-निर्यात बिल वापस लेकर सरकार ने दिखाई समझदारी



सनत जैन



केंद्र सरकार ने पशुधन उत्पाद परिवहन बिल 2023 के प्रस्ताव को वापस ले लिया है। सरकार ने पब्लिक डोमेन पर प्रस्तावित विधेयक का प्रस्ताव, सुझाव एवं आपत्ति के लिए रखा था। सरकार के इस प्रस्ताव का बड़े पैमाने पर विरोध हुआ। भारी विरोध को देखते हुए सरकार ने अपने पोर्टल से इस प्रस्तावित बिल का प्रस्ताव हटा लिया है। इससे यह माना जा रहा है, कि अब इस पर सरकार जल्द कोई कानून नहीं बनाएगी। यह भी चर्चा है कि जिस तरह से भारत के सभी वर्गों द्वारा इस प्रस्ताव का विरोध किया गया। उससे विधानसभा के आसन्न चुनाव और लोकसभा के चुनाव में इसका विपरीत असर पड़ना तय था। जिसके कारण सरकार ने आनन-फानन में प्रस्ताव वापस ले लिया। इस प्रस्ताव के विरोध में जैन समाज, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,शाकाहारी समाज के संगठनों एवं अन्य समूहों ने भी भारी विरोध किया था। इस बिल में प्रस्ताव किया गया था, कि जीवित पशुधन को विदेशों में निर्यात किया जाएगा। भारत, मांस का दूसरे नंबर का सबसे बड़ा निर्यातक है। पिछले वर्षों में भारत से मांस निर्यात में वृद्धि हुई है। भारत से अन्य देशों में बीफ मांस भी निर्यात किया जा रहा है। इसका लगातार भारत में विरोध हो रहा है। इसी बीच जीवित पशुधन के निर्यात करने के प्रस्तावित बिल ने आग में घी डालने का काम किया था। पशु प्रेमियों और शाकाहारी समाजों द्वारा इस ?बिल का बड़े पैमाने पर विरोध किया। इसके बाद अन्य समाजों ने भी जीवित पशुओं के निर्यात का भारी विरोध किया। सरकार के इस प्रस्ताव का बड़े पैमाने पर विरोध शुरू हुआ। उतना अन्य किसी मामले में कभी विरोध देखने को नहीं मिला। वर्तमान केंद्र सरकार हिंदुओं की सरकार मानी जाती है। उसके द्वारा इस बिल को लाया गया। जिसके कारण भाजपा और संघ की छवि पर बड़ा विपरीत असर पड़ने लगा था। जिसके कारण सरकार ने हड़बड़ाहट में इस प्रस्ताव को वापस लिया। पशु प्रेमियों का कहना था, इस बिल से जीवित पशुओं के साथ क्रूरता होगी। विदेश में भेजे जाने वाले पशुओं का वध विदेशों में किया जाएगा। वहीं मांसाहारी समाज जो मांस खाती है, उसने भी पशुधन निर्यात के विरोध में ज्ञापन केंद्र सरकार को भेजे थे। भारत से यदि पशुधन विदेशों में भेजा जाएगा, तो भारत में भी खाद्य पदार्थ के रूप में मांस के रेट बहुत तेजी के साथ बढ़ाना तय था। बड़ी संख्या में लोगों ने ऑनलाइन विरोध भी दर्ज कराया। भारत से यदि जीवित पशुओं को निर्यात किया जाएगा तो यहां पर खाद्य पदार्थ के रूप में असंतुलन बढ़ेगा। मांसाहारी समाज ने भी जीवित पशुओं के निर्यात का विरोध किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताओं को आहत नहीं होने देने, और जानवरों के साथ क्रूरता की बात कहकर इस बिल पर अपना विरोध दर्ज कराया। केंद्र सरकार के मत्स्य पशुपालन और डेयरी मंत्रालय द्वारा इसी माह बिल का प्रस्ताव जारी किया था। इसकी जानकारी लगने के बाद पहली बार देश में व्यापक स्तर पर इसका विरोध शुरू हुआ। भारतीय संस्कृति,धार्मिकमान्यताओं के आधार और पशुओं के प्रति क्रूरता के विरोध में, लगभग लगभग सभी समाज और वर्गों द्वारा इस बिल का विरोध किया गया। भारी विरोध को देखते हुए सरकार को यह बिल वापस लेना पड़ा है। बिल वापस होने की जानकारी मिलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। बिल के प्रस्ताव से सभी वर्गों की भावना आहत हुई थी। सरकार ने समय रहते, विरोध को पहचाना, बिल वापस लेकर लोगों की जन भावनाओं का आदर किया है। सरकार के प्रति लोगों का जो गुस्सा बन रहा था, सरकार द्वारा बिल वापस लेने के निर्णय से विरोध शांत हुआ है। केंद्र सरकार के उक्त प्रस्ताव के आने के बाद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद और भारतीय जनता पार्टी की साख पर धक्का अवश्य लगा है।

## चिंतन-मनन

# ध्यान-तन्मयता का नाम समाधि

यान के द्वारा परिवर्तन तभी संभव है जब ध्यान में जाने के लिए गहरी आस्था । आस्था का निर्माण हुए बिना ध्यान में जाने की क्षमता अर्जित नहीं हो कती। कुछ व्यक्तियों में नैसर्गिक आस्था होती है और कुछ व्यक्तियों की स्था का निर्माण करना पड़ता है। आस्था पर संकल्प का पुट लग जाए और नवरत अभ्यास का प्रम चलता रहे तो आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। भ्यास ऐसा तत्व है जो साधना की श्रृंखला को बराबर जोड़े रखता है। अभ्यास ी धारा टूटने से सफलता संदिग्ध हो जाती है। आस्था, संकल्प और अभ्यास न तीन तत्वों के अधिगत हो जाने के बाद साधक में आत्मानुशासन का विकास जाता है। यह अनुशासन आरोपित नहीं होता, सहज स्वीकृत होता है। इस नुशासन में संयम के विकास की अनिवार्यता है। संयम से हमारा प्रयोजन है न्मयता से। यह तन्मयता ही भावक्रिया है। केवल त्याग-प्रत्याख्यान से संयम हीं सध सकता। त्याग-प्रत्याख्यान भी साधना का एक प्रकार है, किंतु उसमें र्णता नहीं है। साधना में पूर्णता लाने के लिए संयम के साथ भावक्रिया का होना तांत अपेक्षित है। पूर्ण संयम का विकास तब हो सकता है, जब पदार्थ-प्रयोग मन विरत हो। इसे इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि संयम के प्रति रति ने से पदार्थ-भोग के प्रति अरति हो जाती है। अनुराग से विराग का होना एक नोवैज्ञानिक तथ्य है। बच्चे के हाथ से किसी वस्तु को छुड़ाने के लिए उसे किसी सरी वस्तु के प्रति आकृष्ट करना होता है। अन्यथा वह उसे छोड़ नहीं सकता। दार्थ-विरति भी उसी क्षण घटित हो सकती है, जिस क्षण आत्मा या चैतन्य के ाथ उसका संबंध स्थापित हो जाता है। यह स्थिति पतंजलि के शब्दों में धारणा रूप में निरूपित की गई है। धारणा की धाराप्रवाह प्रतीति ध्यान है और ध्यान पूर्ण तन्मयता का नाम समाधि है। संयम की पूर्णता के लिए धारणा, ध्यान ौर समाधि तीनों ही आवश्यक हैं। ध्यान साधना के अनुशासन की पूरी प्रक्रिया ाविर-साधना को आगे बढ़ाती है। साधक की शारीरिक और मानसिक स्थिति संयम या साधना के अनुशासन की पूर्ण स्वीकृति ही शिविर-साधना का ठोस ाधार है।

# विपक्षी एका : विपक्ष के सामने मोदी-योगी चुनौती



मधुकर रंजन



लोकतंत्र में चुनाव किसी त्योहार से कम नहीं होते। आजादी के बाद के बीते सात दशकों में भारत के लोग पूरे उत्साह और उमंग से यह त्योहार मनाते आए हैं।

खासकर, देश की सबसे बड़ी पंचायत, लोक सभा के गठन के लिए होने वाले चुनाव हमेशा से न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के आकषर्ण और उत्सुकता के सबब बनते हैं। इस दृष्टि से देखें तो संकेत मिल रहे हैं कि साल, 2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव बेहद दिलचस्प होंगे।

यह बात पूरी तरह सही और तार्किक है कि हर चुनाव का अपना अलग गणित, अलग मुद्दे और अलग मिजाज होता है। जाहिर तौर पर अगले आम चुनाव का भी अपना खास सियासी अंदाज और मिजाज होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जहां भाजपा और उसके सहयोगी दलों के लिए यह सियासी हैट्रिक लगाने का शानदार अवसर है, तो कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के लिए सियासी महासमर उनके अस्तित्व की लड़ाई है। उनके लिए 'करो या मरो' वाली स्थिति है। विपक्षी खेमे से यह आवाज बार-बार सुनी जा रही है कि यदि इस बार भाजपा को सत्ता में आने से नहीं रोका गया, तो विपक्ष के लिए आने वाले दिन बेहद मुश्किल वाले साबित होंगे। यही वजह है कि अपने तमाम आपसी विरोधों को दरकिनार कर करीब डेढ़ दर्जन विपक्षी पार्टियों के नेता इसी महीने पटना में जुट रहे हैं। इस महाजुटान के सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं, जो खुद भी भाजपा के साथ सूबे में अपनी सरकारें चलाते रहे हैं। हालांकि पिछले विधानसभा चुनाव के बाद से भाजपा से उनका मोहभंग कुछ ज्यादा ही हो गया है। विपक्ष की इस बैठक को लेकर कहा जा रहा है कि लोक सभा की सभी 543 सीटों में से कम से कम 400 सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार के समक्ष विपक्ष का एक उम्मीदवार उतारा जाए। कोशिश यह भी है कि विपक्ष के एका का दायरा और बढ़ाया जाए और ज्यादा से ज्यादा सीटों पर भाजपा को कड़ी चुनौती दी जाए। विपक्ष की एकता की यह मुहिम रंग लाएगी भी कि नहीं , इसको लेकर फौरी निष्कर्ष पर पहुंचना न तो आसान है, और न ही मुनासिब। वैसे बीते एक दशक में भारतीय राजनीति पर केसरिया रंग छाने के बीच विपक्ष की ऐसी कोई भी कोशिश बहुत कामयाब नहीं रही है।

अलबत्ता, इस बार हालात जरूर कुछ बदले हुए हैं। विपक्ष द्वारा की जा रही इस बार की चुनावी तैयारी का मूल आधार यह है कि पिछले लोक सभा चुनाव में भाजपा ने महज 43 फीसदी वोट पाकर लोक सभा की 300 से ज्यादा सीटों पर कब्जा जमा लिया, जबकि 57 प्रतिशत वोट उसके खिलाफ पड़े थे। विपक्षी रणनीतिकारों का मानना है कि विरोधी मतों को इकट्ठा कर दिया जाए तो भाजपा को परास्त करना आसान हो जाएगा। लेकिन विपक्षी एकता की राह में सबसे बड़ी चुनौती के रूप में देश की संसद में सबसे ज्यादा लोक सभा सांसद भेजने वाला प्रदेश उत्तर प्रदेश और इसके मुखिया योगी आदित्यनाथ खड़े हैं।

उत्तर प्रदेश की कुल 80 सीटों में से भाजपा ने पिछली दफा 64 सीटें जीती थीं लेकिन उसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में योगी ने जिस प्रकार शानदार जीत दर्ज की और उसके बाद चाहे प्रदेश में कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरु स्त करने का मामला हो, माफिया के सफाए की हकीकत हो या प्रदेश की खुशहाली के लिए बड़े पैमाने पर देशी-विदेशी निवेशकों को जुटाने की बात हो, योगी ने बड़ी लकीर खींचने का काम किया है।

दूसरी ओर, प्रदेश में विपक्ष बुरी तरह बिखरा हुआ है। कांग्रेस का लगभग सफाया हो चुका है, तो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी और एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की बसपा का अपनी ढपली और अपना राग वाली स्थिति है। यदि विपक्षी एकता के नाम पर यहां पर कांग्रेस समाजवादी पार्टी की पिछलग्गू बनना स्वीकार भी कर लेती है, तो भी बसपा के साथ आए बगैर यह एका मुकम्मल साबित नहीं हो सकता। जयंत चौधरी की अगुआई में राष्ट्रीय लोकदल की पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौजूदगी जरूर है और जाहिर है कि वह भी विपक्ष की नाव में सवार होंगे लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उनके ही गढ़ में भाजपा ने जिस प्रकार की जीत दर्ज की, उसको देखते हुए उनको बहुत प्रभावशाली मानना भी जल्दबाजी होगी।

नीतिक आलोचक और विश्लेषक भी स्वीकर करने लगे हैं कि मुख्यमंत्री के अपने दूसरे कार्यकाल में योगी ब्रांड के तौर पर उभरे हैं। यह भी देखना अहम होगा कि विपक्षी खेमे में ज्यादातर क्षेत्रीय दलों का अस्तित्व कांग्रेस की मुखालफत पर टिका है। कांग्रेस का ही वोट लेकर ये सभी अस्तित्व में आए। अब चाहे ममता बनर्जी हों, लालू यादव हों या शरद पवार हों, सभी के पास का जो वोट बैंक है, वह कायदे से कांग्रेस का ही है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस का रुख क्या होता है। खासकर, कर्नाटक में मिली जीत के बाद पार्टी के हौसले कुछ ज्यादा ही बुलंद हैं।

## न्यूज सार

### होटल में चल रहा था जिस्मफरोशी का धंधा,युवक-युवतियों सहित छह गिरफ्तार

रायबरेली (ब्यूरो)। शहर से जुड़े डिडौली में स्थित एक होटल में जिस्मफरोशी का धंधा चलता था। सूचना पर पुलिस ने छापा मारा तो होटल से तीन लड़कियों और दो युवकों को आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा गया है। पुलिस ने होटल संचालक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्यवाही बुधवार की रात की है। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के डिडौली में कई बड़े होटल स्थापित है। इसमें वृंदावन होटल में काफी समय से जिस्मफरोशी का धंधा चलता था। पुलिस को मामले की जानकारी हुई तो सीओ महाराजगंज अरुण कुमार नौहवार के नेतृत्व में बुधवार की रात पुलिस ने होटल में छापा मारा। छापा के दौरान होटल से दो युवकों और तीन युवतियों को आपत्तिजनक अवस्था में पकड़ा गया है। होटल से कुछ आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है।

### फांसी के फंदे से लटककर युवती ने दी जान

राही,रायबरेली (ब्यूरो)। भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे निकासू मजरे बेला भेला गांव में 22 वर्षीय युवती ने फंदे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। गुरुवार की सुबह युवती शिवानी पुत्री रामविलास के परिजन सुबह जल्दी उठकर खेत पर फूल तोड़ने के लिए जा रहे थे । तभी युवती को भी साथ चलने के लिए कहा गया। लेकिन युवती ने साथ चलने से मना कर दिया । जिससे नाराज परिजनों ने युवती को डांट फटकार दिया। जिससे नाराज युवती ने परिजनों के जाते ही छत पर रखे टीन सेट मे लगे बॉस के सहरे दुपट्टे से फंदा लगाकर झूल गई। पड़ोस के लोगों ने फंदे के सहारे लटकती युवती के शव को देखा तो पड़ोसियों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही परिजन खेतों से आनन फानन घर की तरफ दौड़ पड़े । युवती को फंदे से लटकता देख परिजनों में चीख–पुकार मच गई।

### सर्प के डसने से बालिका की हुई मौत

लालगंज,रायबरेली (ब्यूरो)। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के चिलौला गांव में एक बालिका शिवांशी सोनकर (16) पुत्री सुरेश सोनकर की जहरीले सांप के काटने से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव के सोनकर परिवार आम के बाग लगान पर लेकर रोजी रोटी के लिए धंधा पानी करते हैं। वहीं पर बालिका जंगल में आम के पेड़ों की रखवाली कर रही थी । अभी आम बीनते समय बालिका को सांप ने डस लिया और उसकी मौत हो गई। बालिका की मौत से सोनकर परिवार में कोहराम मच गया। हंसी खुशी जिंदगी मातम में बदल गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले में विधिक कार्यवाही की है।

### महिला ने ससुरालीजनों पर मारपीट का लगाया आरोप

ऊंचाहार,रायबरेली (ब्यूरो)। क्षेत्र के नई बस्ती इमिलिहा का पुरवा गाँव निवासी महिला ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों पर मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मामले की तहरीर दी है।

गाँव निवासी रोली देर का कहना है कि 6 वर्ष पूर्व उसकी शादी गाँव के ही कल्लू से हुई थी, आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से ही पति व ससुरालीजनों द्वारा दहेज की मांग करते हुए मारपीट की जाती है, गुरुवार को पीड़िता ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है।

कार्यवाहक कोतवाल मिठाईलाल ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### दबंगों ने घर में घुसकर भाइयों को लाठी डंडो से पीटा

ऊंचाहार,रायबरेली (ब्यूरो)। निमंत्रण कार्यक्रम के दौरान दबंगों ने घर पर जाकर सगे भाइयों को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया, मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के गांव आइमा जहनियां का है, गाँव निवासी कमलेश कुमार के घर में पूजन कार्यक्रम के चलते बुधवार को निमंत्रण था, देर शाम परिवार के लोग खाना खाने जा रहे थे तभी आरोप है कि गाँव के दो लोग अपने साथ दो अन्य लोगों को लेकर उसके घर आकर गालीगलौज करने लगे जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी और बीचबचाव करने आये भाई उमेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कार्यवाहक कोतवाल मिठाईलाल ने बताया कि कमलेश कुमार की तहरीर पर सुरेश कुमार ,नीरज कुमार निवासी आइमा जहनियां ,धर्मेश कुमार पूरे लाल व मोनू निवासी हरिहरपुर के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

लालगंज,रायबरेली (ब्यूरो)। नगर के सराफा चौक स्थित भगवान रक्षकेश्वर शिव मंदिर में व्यापारियों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने बताया कि सराफा चौक के पास 200 वर्ष पूर्व श्रद्धालुओं के द्वारा चबूतरे पर भगवान शिवलिंग की स्थापना की गई थी। गत वर्ष व्यापारियों के सहयोग से मंदिर को भव्य रूप दिया गया और 22 जून को भगवान शिव की पूजा अर्चना के साथ पुर्नस्थापना हुई।भव्य मंदिर व्यापारियों के सहयोग से बनाया गया है। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि भगवान रक्षकेश्वर शिव मंदिर की जबसे स्थापना हुई है। सर्राफा मंडी में चोरी की घटनाएं नहीं होती है। भंडारे में महेश सोनी, अमरेस सोनी, दीपेंद्र सोनी ,कृष्णा गुप्ता, सदाशिव सोनी ,कैलाश बाजपेई ,सुरेंद्र गुप्ता ,दिनेश गुप्ता, अनूप पांडे ,समर्थ गुप्ता ,अरुण सोनी, कौशलेंद्र सोनी आदि लोग खासतौर से मौजूद रहे।

### बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता

अयोध्या (ब्यूरो)। भीषण गर्मी में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी के नेताओं ने गुरुवार को गांधी पार्क में प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आम आदमी पार्टी ने निर्धाब रूप से बिजली आपूर्ति दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि लोग बिजली कटौती का संकट झेल रहे हैं। गर्मी के कारण अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौतें हो चुकी है। लोगों की मौतों पर भाजपा के मंत्री संवेदनहीन बयान दे रहे हैं, यह दुःखद हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 27000 मेगावाट बिजली की जरूरत है और मात्र 4 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

# सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव के अन्तिम संस्कार में उमड़े लोग

अयोध्या (ब्यूरो)। समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव का आज उनके पैतृक गांव सोहावल तहसील के इस्माइलपुर सिहोरा रघुपुर में अंतिम संस्कार कर दिया गया । इस मौके पर बड़ी तादाद में समाजवादी पार्टी समेत अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं ने शिरकत करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की । श्री यादव के निधन पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है । आज उनके पैतृक निवास पर उनके भाई गौरी शंकर यादव ने मुखाग्नि देते हुए उनका अंतिम संस्कार किया ।पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेताओं समेत कार्यकर्ताओं ने अपने नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । उनकी अंतिम यात्रा में पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन विधायक अभय सिंह पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव पार्टी के वरिष्ठ नेता हाजी फिरोज खान गब्बर पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय पूर्व एमएलसी हीरालाल यादव लीलावती कुशवाहा विशाल वर्मा महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव बख्तियार खान हामिद जाफर मीसम आशीष पांडेय दीपू चौधरी बलराम यादव महंत बाल योगी रामदास महंत अनिल मिश्रा राकेश यादव दान बहादुर सिंह एजाज अहमद राजेश कुमार पटेल शंभूनाथ सिंह दीपू पंकज पांडेय चेयरमैन जब्बार अली राम सुरेश भारती मोहम्मद राशिद राम अचल यादव बलराम मौर्य जय सिंह यादव अनूप सिंह बंसी लाल यादव राहुल सिंह सरोज यादव ओपी पासवान धनश्याम यादव रमाकांत यादव अनिल सिंह राणा कृष्ण कुमार पटेल अंसार अहमद बब्बन राकेश चौरसिया नागेंद्र यादव अतुल यादव शिव कुमार यादव लल्लू यादव छोटे लाल यादव मंजीत यादव कृष्ण गोपाल यादव पंकज यादव सुभाष पासी रामू यादव सुनील यादव अशोक वर्मा शैलेंद्र यादव सुरेंद्र यादव पवन यादव इंद्रपाल यादव मोहम्मद आरिफ निर्मल पटेल अमर सिंह जगन्नाथ यादव विंध्या सिंह आरके यादव आभास कृष्ण कान्हा राम सिंह पटेल जयकरण वर्मा अवधेश यादव आरके यादव जिया लाल यादव रामानंद फौजी शमशेर यादव रक्षा राम यादव प्रदीप यादव सगीर खा सत्यनारायण मौर्य साहब लाल यादव सुखराम यादव साहिल हुसैन रामजन्म यादव मुकेश यादव संजय यादव रमापति यादव अंगद यादव बबलू यादव ननकन यादव राजेंद्र यादव शंकर यादव महेंद्र यादव ओम प्रकाश यादव आकाश यादव अजय यादव दुर्गेश वर्मा राकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे ।

## भाजपा सरकार में हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ-अदिति सिंह

रायबरेली (ब्यूरो)। केंद्र की मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में भाजपा की सदर विधायक अदिति सिंह ने एक होटल में प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।अदिति सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ साल पूरे हुए हैं। डबल इंजन की केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कर रही है।

9 सालों में केंद्र व सूबे की भाजपा सरकार ने सदर विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि उनका व भाजपा का लक्ष्य है कि हर वर्ग व हर सम्प्रदाय के लोगों को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जा सके।अदिति सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से जनता को लाभ दिलाया जा रहा है।

साथ ही साथ सरकार द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए जारी की जा रही विधायक निधि को भी साझा किया। विधायिका ने कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र का मेरे द्वारा काफी कार्य कराया गया है कुछ ऐसे कार्य है जो अभी अधूरे है।उनपर मैं अभी समय सीमा तो नही दे सकती लेकिन वह कार्य मेरे लिस्ट में सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि शहर में बस स्टॉप पर जाम की समस्या को लेकर शासन से बात चल रही है इसको वहां से हटाकर मुख्य हाइवे पर स्थानांतरित कराना मेरा लक्ष्य है। इसके साथ ही रायबरेली अयोध्या मार्ग के चौड़ीकरण के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## आगामी त्योहारों को लेकर थाना कुमारगंज में पीस कमेटी की बैठक

मिल्कीपर–अयोध्या (ब्यूरो)। थाना कुमारगजं परिसर में आगामी बकरीद एवं कांवड़ यात्रा, सावन मेला पर शांति और सौहार्द बनाये रखने को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। इस दौरान लोगों से बकरीद के त्योहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील किया गया। त्योहार में अवरुद्ध डालने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक संजीव सिंह ने कहा कि सभी लोग त्यौहार को शांति पूर्वक मनाए, बकरीद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी कत्तई न करे। सार्वजनिक स्थान और खुले में कुर्बानी करना सख्त मना है। ऐसी शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी।

कुर्बानी के दौरान अवशेष को गड्ढा खोदकर मिट्टी डाल दे। किसी को कोई परेशानी हो तत्काल हमें सूचना दे। अराजक तत्वों से सावधान रहें। अराजकतत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। त्योहार में खलल डालने वालों और अशांति पैदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। कुर्बानी के समय किसी भी तरह की वीडियो रिकार्डिंग कर वायरल नहीं करें। वीडियो रिकाडिंग करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने चल रहे नशा मुक्ति अभियान पर भी संभ्रांत लोगों से चर्चा कर कहां की इस वक्त नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है इस कार्यक्रम में आप लोग भी बढ़–चढ़कर हिस्सा ले , जिससे नशा मुक्त क्षेत्र बनाया जा सके, नशे की जद में आये युवा पीढ़ी को नशा से मुक्ति कैसे दिलाया जाए इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई।इस मौके पर नगर पंचायत कुमारगंज चेयरमैन विकास सिंह छोटू, द्वारिका प्रसाद त्रिपाठी, राजू कनौजिया, आशीष सिंह, राकेश कोरी, उपेंद्र शुक्ला, आनंद तिवारी, सूरज कौशल, लवलेश पाण्डेय, संतोष कुमार, उपनिरीक्षक शंकर लाल यादव, संतोष कुमार मौर्य, कमलेश साहनी सहित क्षेत्र के संभ्रांत लोग थाने के समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### नहर की पटरी पर मिला युवक का शव

गोसाईगंज–अयोध्या (ब्यूरो)। थाना महराजगंज क्षेत्र में गुरुवार की सुबह नहर की पटरी पर एक युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी अनुपम मिश्र ने बताया कि बिल्हरघाट रेलवे स्टेशन के पास नहर की पटरी पर शव मिलने की सूचना मिली।जिस पर दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तफ्तीश शुरू कर दी गयी।शव के पास ही एक पिकप खड़ी थी, पिकप से मिले कागजात के आधार पर मृतक की पहचान सुकई40 पुत्र झिंगुरी निवासी तकपुरा कोतवाली अयोध्या के रूप में हुई।

## मांसपेशियों में दर्द के 30 प्रतिशत मरीज बढ़े : डॉ. प्रवीण बरनवाल

मिल्कीपर, अयोध्या (ब्यूरो)। मौसम में बदलाव के कारण अस्पतालों की ओपीडी में मांसपेशियों में दर्द, फ्रोजेन सोल्डर,हील पेन, कमर दर्द सर्वाइकल के 30 प्रतिशत मरीज ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ गए हैं। डॉक्टर दिन में उमस भरी गर्मी व रात में नमी एवं मोबाइल डिस्टर्ब पर झुक कर काम करना सर्वाइकल का कारण बता रहे हैं। गठिया रोग आरए फैक्टर के मरीज भी बीच–बीच में आ रहे हैं, आर ए फैक्टर बहुत खराब बीमारी है। यदि समय से उपचार न कराया जाए तो रोगी की हाथ पैर व कमर टेही हो जाती है। मिल्कीपुर तहसील के सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में प्रतिदिन लगभग 100–120 मरीज मांसपेशियों, सर्वाइकल फ्रोजेन शोल्डर में दर्द का इलाज करवाने आ रहे हैं। एक सप्ताह में ऐसे मरीजों की संख्या 20 प्रतिशत बढ़ी है। अन्य अस्पतालों में भी मांसपेशियों में दर्द का इलाज कराने मरीज पहुंच रहे हैं। डॉक्टर प्रवीण बरनवाल ने बताया कि दिन में उमस भरी गर्मी रात में मौसम में नमी के चलते मांसपेशियों के दर्दों के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ रही है। इस बीमारी के अहम कारणों में तनाव और चिंता है। व्यायाम से दूरी, दिनचर्या प्रभावित होना, सहित कई अन्य कारण हैं। गलत तरीके से बैठना, सोना आदि से भी इस तरह की परेशानी हो सकती है। लिहाजा लोगों को जीवनशैली सुधारने की जरूरत है। जिससे ऐसे परेशानी से बचा जा सके। वायरल बुखार भी कारण बन रहा है, अर्थो डॉ प्रवीण बरनवाल बताते हैं कि मांसपेशियों में दर्द के 100–120 मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए आते हैं, जो ओपीडी में आने वाले मरीजों का करीब 15 प्रतिशत है। कई बार वायरल बुखार के कारण भी मांसपेशियों में दर्द बढ़ जाता है। वायरल फीवर का इलाज समय से नहीं कराया जाता है तो यही बड़े रोगों को जन्म दे देता है। हर व्यक्ति को अपने दिनचर्या में बदलाव लाना चाहिए सुबह कम से कम आधे घंटे योगा– व्यायाम करना चाहिए योगाभ्यास करने से हड्डियों मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द से निजात मिल जाता है।

### शुलभ शौचालय का किया लोकार्पण

बीकापुर–अयोध्या (ब्यूरो)। क्षेत्र पंचायत निधि से तहसील परिसर में लाखों रुपए की लागत से निर्माण कराए गए सुलभ शौचालय का लोकार्पण बृहस्पतिवार को विधायक डॉ अमित सिंह चौहान द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर विधायक डॉ अमित सिंह चौहान ने कहा कि तहसील परिसर में जर्जर सुलभ शौचालय होने के चलते तहसील कर्मियों अधिवक्ताओं और तहसील में आने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों की समस्या को लेकर सुलभ शौचालय का नव निर्माण कराने की पहल की गई। जिससे लोगों को काफी सहूलियत रहेगी। कार्यक्रम के आयोजक ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा ने विधायक डॉ अमित सिंह चौहान और कार्यक्रम में आगंतुकों का आभार जताया।

## नगर पंचायत बीकापुर में नवनिर्वाचित बोर्ड की हुई पहली बैठक

बीकापुर–अयोध्या (ब्यूरो)। नगर पंचायत बीकापुर में बहुप्रतीक्षित प्रथम बोर्ड बैठक बृहस्पतिवार को नगर पंचायत के सभागार में चेयरमैन राकेश पांडे राना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शिरकत करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक डॉ अमित सिंह चौहान ने नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना तथा सभी 11 वार्डों के सभासदों परिचय प्राप्त करते हुए उन्हें शुभकामना दिया और विकास पथ पर अग्रसर होकर एक आदर्श नगर पंचायत स्थापित करने के लिए शुभकामना प्रदान की। प्रथम बोर्ड बैठक में जहां सभी नवनिर्वाचित सभासद गण द्वारा अपने अपने वार्ड के लिए विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव पेश किया तो वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा उन स्थानों को चिन्हित करने एल का आवाहन किया गया जहां जलभराव एवं गंदगी होने की स्थिति होने की संभावना है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी रागिनी वर्मा द्वारा बोर्ड की बैठक के दौरान बताया गया कि पेयजल मिशन में 35 लाख रुपए तथा राज्य वित्त में 23 लाख रुपए अवशेष है।

कई विकास कार्यों के लिए पूर्व में प्रस्ताव भेजा गया है अभी बजट उपलब्ध नहीं हुआ है। नवनिर्वाचित चेयरमैन राकेश पांडे राना ने बताया कि आने वाले बरसात के दिनों में नगर क्षेत्र में किसी भी कीमत पर ना तो जलभराव होने दिया जाएगा और ना ही गंदगी फैलने दी जाएगी।

उन्होंने स्वच्छ पेयजल के लिए अपनी संकल्पना को दोहराते हुए दावा किया कि नगर क्षेत्र में कम से कम तीन पंप स्थापित किए जाएंगे। तथा नगर पंचायत की ज्वलंत समस्या जलापूर्ति के लिए नए सिरे से पाइप लाइन बिछाकर पेयजल की स्थिति को सुधारने का काम किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद राजन पांडे, राजेंद्र यादव, शालिक राम पाल, राकेश वर्मा सहित सभी 11 वार्डों के नवनिर्वाचित सभासद मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभासदों को यह भी निर्देश दिया गया कि अपने अपने वार्ड में प्रमुख रूप से कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए समस्या को चिन्हित करके प्रस्ताव तैयार करें और 1 महीने के अंदर विस्तृत बैठक की जाएगी। जिसमें विकास कार्य का खाका तैयार किया जाएगा। और प्रस्ताव भेजा जाएगा।

इस मौके पर पूर्व सभासद गुड्डू राना, राहुल शर्मा सन्यासी, गोमती तिवारी, अनिल कुमार उपाध्याय, इंद्रसेन सिंह मनोज कुमार शर्मा, रामतेज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### डूडा सर्वेयर सरकार के मंसूबे पर फेर रहे पानी

सोहावल–अयोध्या (ब्यूरो)। नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी मे बन रहे आवास को लेकर किसान नेता वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी व डूडा के सक्षम अधिकारी से शिकायत किया। किसान नेता का आरोप है कि डूडा के सर्वेयर मंजेश कौशलेंद्र मनोज कुमार हिमांशु और सरकारी कर्मचारियों द्वारा 50 पर्सेंट अपात्र व्यक्तियों को आवास दे दिया गया। जिनके पास पहले से पक्के मकान हैं और पात्र लोगों को जिनके पास कच्चे मकान खपरैल, छप्पर , पल्ली डालकर कर रह रहे व्यक्तियों को सुविधा शुल्क ना दे पाने के कारण आवास की सुविधा से वंचित रह जाना पड़ा।

## ट्रस्ट महासचिव चम्पतराय द्वारा जारी की गयी राम मन्दिर निर्माण की फोटो

अयोध्या (ब्यूरो)। श्री रामजन्मभूमि पर बन रहे रामलला के भव्य मन्दिर के उद्घाटन की तारीख 15 से 25 जनवरी 2024 होने के बाद उसके निर्माण की गति और तेज हो गई है। भूतल के छत का निर्माण पूरा होने के बाद उसके गर्भगृह और परिक्रमा पथ सहित भूतल के खंभों आदि की नक्काशी का काम तेजी से चल रहा है।

गुरूवार को श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपने फेसबुक अकाउंट पर मंदिर निर्माण के चार चित्र जारी किए हैं। इनमें भव्य मंदिर में हो रही नक्काशी और पिंक स्टोन से तैयार परिक्रमा मार्ग और आसपास के क्षेत्र को दर्शाया गया है। इससे पहले महासिचव छत के निर्माण पूरी होने से जुड़ी फोटो शेयर कर चुके हैं। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राम मंदिर जनवरी, 2024 में खुल जाएगा। 24 जनवरी से भव्य गर्भगृह में भक्तों को रामलला के दर्शन मिलने लगेंगे। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मकर संक्रांति से शुरू होगा। भव्य गर्भगृह में रामलला को विराजित करने पीएम नरेंद्र मोदी अयोध्या आएंगे। यह बात राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने एक न्यूज चौनल को दिए गए इंटरव्यू में कही है। उन्होंने कहा है कि दिसंबर, 2023 तक राममंदिर भक्तों के दर्शन लायक बन जाएगा। तीन मंजिला राम मंदिर के भूतल का काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के पदाधिकारियों के मुताबिक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा मकर संक्रांति के बाद होनी चाहिए। ऐसे में 14–15 जनवरी, 2024 से 24 जनवरी के बीच रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का 10 दिवसीय अनुष्ठान पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए ट्रस्ट ने देश के टॉप के ज्योतिषियों से शुभ मुहूर्त निकलवाए हैं। ज्योतिषियों ने शुभ मुहूर्त में 21, 22, 24 और 25 जनवरी की तारीख बताई है। ट्रस्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो सकती है, क्योंकि यह सबसे उत्तम तारीख बताई जा रही है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि गर्भ गृह के मुख्य द्वार पर सोने का कवर होगा। मंदिर का 161 फीट ऊंचा शिखर भी सोने से मढ़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मन में था कि अयोध्या तभी जाएंगे, जब मंदिर की आधारशिला रखी जाएगी। तभी वे 5 अगस्त, 2021 को यहां आए थे। वहीं करीब 20 दिन पहले चंपत राय ने बताया था कि ग्राउंड फ्लोर तैयार होने के बाद मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। दिसंबर तक मंदिर को फाइनल टच दिया जाएगा। रामलला की प्रतिमा 51 इंच होगी। कर्नाटक के मैसूर से आए दो पत्थरों से प्रतिमा बनाई जा रही है। रामलला की एक अन्य मूर्ति राजस्थान के मकराना मार्बल से बनाई जा रही है। मूर्तिकार अरुण योगीराज अपनी पसंद का पत्थर कर्नाटक से लेकर आए हैं। राम मंदिर में दो पत्थरों को आपस में जोड़ने के लिए तांबे की पत्ती का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## चेयरमैन की अध्यक्षता में नगर पंचायत की बोर्ड बैठक सम्पन्न

लालगंज,रायबरेली (ब्यूरो)। नगर पंचायत चेयरमैन सरिता गुप्ता ने बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास कराते हुए बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चबूतरे व भवन का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा ।साथ ही बापू की मूर्ति को छतरी भी प्रदान की जाएगी। वास्तव में बहुत दिनों से गांधी चबूतरे की मरम्मत न होने से मूर्ति भी जर्जर हो गई है और आसपास घास फूस सहित गंदगी व्याप्त हो गई है। चबूतरे की बाउंड्री वाल भी टूट गई है। चेयरमैन के द्वारा राष्ट्रपिता के चबूतरे की मरम्मत के कार्य को बोर्ड बैठक में पास कराया गया है। इसके अलावा नगर के लोगों को मच्छरों से निजात दिलाने के लिए फागिंग मशीन खरीदने का भी प्रस्ताव पास हुआ है ।साथ ही सभी वार्डों के सभासदों से एक –एक लाख रुपए के छोटे–मोटे कामों के प्रस्ताव भी मांगे गए हैं। हर वार्ड में 3 सफाई कर्मचारी नियुक्त किए जाने का भी प्रस्ताव हुआ है। सफाई कार्य में प्रयोग आने वाले ट्रैक्टर व अन्य उपकरणों की मरम्मत का भी प्रस्ताव पास हुआ है ।साथ ही पानी के टैंकरों की मरम्मत का भी प्रस्ताव बोर्ड बैठक में पास हुआ है। चेयरमैन सरिता गुप्ता ने कहा कि नगर की जनता को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना हे उनकी प्राथमिकता रहेगी। चेयरमैन प्रतिनिधि कांग्रेसी नेता दीपेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार में सदैव जनहित के कार्य हुए हैं ।उसी तर्ज पर नगर का विकास कार्य कराया जाएगा।



# मुंह के छालों से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 4 नुस्खें

**आजकल मुंह में छाले होना एक आम समस्या हो गई है। पुरूषों के मुकाबले यह समस्या ज्यादातर महिलाओं में अधिक होती है। इसका मुख्य कारण उनके हारमोन्स में अधिक उतार-चढाव आना है। यह छाले अपने आप ही कुछ दिनों में ठीक हो जाते हैं। इनके निकलने के कई कारण हो सकते हैं।**

पेट के साफ न होने और खाना खाते समय अचानक दांतों से मुंह के अंदर की झिल्ली के कट जाने से छाले हो जाते हैं। मासिक धर्म या मेनापॉज के सामय हारमोन्स में बदलाव तथा वायरस, बैक्टीरिया या फंगस संक्रमण से निकल सकते हैं। इसके अन्य कारणें में शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता कम होना, एलर्जी होना भोजन में विटामिन सी और बी12 की कमी होना आदि शामिल हैं। कुछ दवाओं के साइड इफेक्ट के रूप में भी मुंह में छाले निकल सकते हैं।

### बचाव के उपाय

- खाना धीरे-धरी चबा-चबा कर खाएं। खाते समय बात न करें, ताकि दांतों से मुंह के अंदर की परत को नुकसान न पहुंचे।
- नींबू को आधा काटें, इसे छाले पर लगाएं, इससे थोडी जलन तो होगी, परंतु यह सुन्न हो जाएगा, जो अच्छा है। आखिर में थोडा शहद छाले पर लगाएं।
- शरीर की सफाई, संतुलित भोजन और पीने के साफ पानी पर भी विशेष ध्यान देना जरूरी है।
- कुछ दिनों तक लगातर विटामिन सी और विटामिन बी12 की गोलियां खाएं।
- माउथवाश का प्रयोग करें-कई बार कुल्ला करने से यह आपके मुख में बढने वाले जीवाणुओं को साफ करता है और इसके साथ-साथ कई मामलों में छाले में दर्द से राहत देता है। किसी बिना नुस्खा घोल का उपयोग करें, कोई भी माउथवाश इस प्रयोजन के लिए कार्यकारी है। सुबह और शाम कुल्ला करें और हो सके तो दिन के खाने के बाद भी कुल्ला करें।



# स्टेरॉयड इन्हेलर्स का उपयोग रोकने से अस्थमा के बिगड़ने का खतरा

मौजूदा महामारी में सेहत व स्वास्थ्य को महत्व देना होगा। यह खासकर तब बहुत जरूरी है, जब आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है या फिर आपको किसी बीमारी का इतिहास है। अस्थमा इन्हीं में से एक है। अस्थमा बिगड़ने का मुख्य कारण श्वास की नली में वायरल संक्रमण होना है। अस्थमा के जोखिम वाले लोगों या फिर मौजूदा अस्थमा पीड़ितों के लिए सांस की नली में वायरल संक्रमण बहुत घातक हो सकते हैं। एक अनुमान के अनुसार सामान्य या फिर गंभीर अस्थमा के मरीजों को बीमारी के और ज्यादा गंभीर होने का खतरा ज्यादा होता है। भारत में लगभग 93 करोड़ लोग सांस की क्रोनिक समस्या से पीड़ित हैं। इनमें से लगभग 37 करोड़ एस्थमेटिक हैं। अस्थमा के वैश्विक भार में भारत का हिस्सा केवल 11.1 प्रतिशत है, जबकि विश्व में अस्थमा से होने वाली मौतों में भारत का हिस्सा 42 प्रतिशत है, जिस वजह से भारत दुनिया की अस्थमा कैपिटल बन गया है। अस्थमा पर सांस के वायरस के प्रभाव के चलते यह बहुत आवश्यक हो गया है कि मौजूदा समय में अस्थमा पीड़ित बहुत ज्यादा सावधानी बरतें। वायरस निर्मित समस्याओं की रोकथाम के लिए अस्थमा को अच्छी तरह से नियंत्रित करना बहुत आवश्यक है।'' मौजूदा समय में किसी बीमारी के उपचार के लिए आपातकालीन विभाग या अत्यावश्यक इलाज के लिए जाना पड़ता है ,जहां पर मरीज को किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने का जोखिम भी ज्यादा होता है। अस्थमा पीड़ितों को कभी भी अपने कॉर्टिकोस्टेरॉयड इन्हेलर तब तक लेना बंद नहीं करना चाहिए, जब तक कोई मेडिकल प्रोफेशनल उनसे ऐसा करने को न कहे। स्टेरॉयड इन्हेलर का प्रयोग बंद करने से मरीज को संक्रमण का ज्यादा खतरा हो जाएगा क्योंकि इससे अस्थमा का नियंत्रण खराब हो जाता है।'' यदि अस्थमा नियंत्रण में है, तो हॉस्पिटल के क्लिनिक जाने से बचें। आप टेलीफोन पर अपने डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं और उन्हें अपनी प्रगति के बारे में बता सकते हैं। एस्थमेटिक मरीजों को बिना योजना के क्लिनिक नहीं जाना चाहिए। सामान्य से गंभीर अस्थमा से पीड़ित लोगों को वायरल संक्रमण से बहुत ज्यादा बीमारी पड़ने का खतरा रहता है। ये संक्रमण आपकी सांस की नली (नाक, गला, फेफड़ों) को प्रभावित करते हैं, अस्थमा का अटैक लाते हैं और इनकी वजह से निमोनिया या एक्यूट रेस्पिरेटरी डिजीज हो सकती है। एक्यूट लक्षणों से आराम के लिए स्पेसर के साथ एमडीआई का उपयोग किया जा सकता है। नेबुलाईजर्स का उपयोग करने से बचें क्योंकि उनमें वायरल संक्रमण फैलने का खतरा बहुत ज्यादा होता है। नेबुलाईजर्स एयरोसोल्स बनाते हैं, जो संक्रमित ड्रॉपलेट्स को कई मीटर तक फैला सकते हैं। आपका डॉक्टर आपको इन विधियों के बारे में परामर्श देगा। सुनिश्चित करें कि आपके पास नॉन-प्रेस्क्रिप्शन दवाईयों एवं सप्लाई का 30 दिनों का स्टॉक हो, ताकि यदि लंबे समय तक आपको घर में रहने की जरूरत पड़े, तो आपको कोई परेशानी न हो।



# कई गुणों से भरपूर है नारियल तेल

**नारियल तेल के इस्तेमाल के कई फायदे हैं। कई गुणों से भरपूर यह तेल स्वास्थ्यपरक फायदों के लिए पीढियों से इस्तेमाल में लाया जा रहा है।**

- नारियल तेल त्वचा के लिए नैचुरल मॉइश्चराइजर का काम करता है, यह मृत त्वचा को हटाकर रंग निखारता है, चूंकि इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है, तो इसका इस्तेमाल त्वचा रोग, डर्मेटाइटिस, एक्जिमा और स्किन बर्न में किया जा सकता है। नारियल तेल स्ट्रेच मार्क्स हटाने में भी मदद करता है और होंठ को फटने से बचाने के लिए भी इसे नियमित रूप से होंठ पर लगाया जा सकता है।
- नारियल तेल बालों को घना, लंबा और चमकदार बनाने में काफी मददगार साबति होता है। सिर का मसाज सिर्फ पांच मिनट नारियल तेल से करने से न सिर्फ रक्त संचार में वृद्धि होती है, बल्कि खो चुके पोषक तत्वों की भी भरपाई करता है, नियमित रूप से नारियल तेल से मसाज करने से बालों में रूसी नहीं होता है।
- नारियल तेल को मुंह में करीब 20 मिनट तक रखने के बाद थूक देने से मुंह के कीटाणु और मसूड़ों की समस्याएं दूर होती है। स्वस्थ मसूड़ों के लिए सप्ताह में कम से कम तीन बार ऐसा करें।
- आयुर्वेद में पित्त वृद्धि के कारण नारियल तेल का इस्तेमाल गठिया, जोड़ों के दर्द को कम करने के लिए किया जाता है। यह हड्डियों में कैल्शियम और मैग्नीशियम अवशोषित करने की क्षमता में सुधार करता है।
- नारियल तेल के इस्तेमाल से वजन भी कम किया जा सकता है। ताजे नारियल से निकाले गए तेल में अन्य नारियल तेलों की अपेक्षा ज्यादा मीडियम चेन फैटी एसिड्स (70-85 प्रतिशत) होता है। मीडियम चेन फैटी एसिड्स आसानी से ऑक्सीडाइज्ड लिपिड्स होते हैं और एडीपोज ऊतक में संग्रहित नहीं होते हैं। इस प्रकार, मुख्य रूप से मीडियम चेन फैटी एसिड युक्त नारियल का तेल वजन घटाने में मददगार साबित होता है।
- नारियल तेल लॉरिक एसिड और कैप्रिक एसिड की तरह एंटीमाइक्रोबियल लिपिड का एक समृद्ध स्त्रोत होता है, जो एंटीफंगल और जीवाणुरोधी होते हैं।
- खाना पकाने में नारियल का तेल ज्यादा अच्छा रहता है। इसका तेल ऑक्सीकरण के प्रति कम असुरक्षित होता है, जो इसे खाना पकाने के लिए सबसे सुरक्षित बनाता है।



# औषधीय गुणों से भरपूर है लहसुन

औषधीय गुणों से भरपूर लहसुन सिर्फ खाने में स्वाद ही नहीं बढाता बल्कि आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है और वैसे भी भारतीय रसोईघर में लहसुन से मिल जायेगा। इसमें विटामिन, प्रोटीन, खनिज, लवण और फॉस्फोरस, आयरन व विटामिन ए, बी व सी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। तो आज लहसुन के कुछ स्वास्थ्य संबंधी गुणों के बारें में जानते हैं.
लहसुन बैक्टिरीअल और वायरल संक्रमण को रोकने में बहुत कारगार साबित होता है। यह फंगस, यीस्ट और कीडा से इन्फेक्शन को रोकने में मदद करता है। लहसुन कानों में दर्द हो, तो लहुसन के तेल को गर्म करके दो बूंदें रोजाना दो बार 5 दिनों तक कानों में डालें। लहसुन में मौजूद जर्मेनियम, सेलेनियम और सल्फर तत्व दर्द उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में सक्षम हैं। लहसुन का तेल तैयार करने के लिए लहसुन की 3 कलियों को कूटकर आधा कप ऑलिव ऑयल तेल में मिलाकर धीमी आंच पर 2 मिनट के लिए पकाएं। छालनकर 2 हफ्तों तक फ्रिज में रखें इस्तेमाल में लाने से पहले हल्का-सा गर्म कर लें। लहसुन खाने से जुकाम नहीं होता है। साथ ही इसमें एन्टीबैक्टिरीअल गुण गले के दर्द से राहत दिलाता हैं। अगर आप अपने बढते मोटापे से परेशान है तो अपनाएं ये लहसुन की दो कलियां को अच्छे से भून लें और फिर उसमें जीरा सैंधा नमक मिलाकर चूर्ण बना लें। इसको आप रोजाना खाली पेट गर्म पानी से लें। कुछ ही दिनों में मोटापा कम हो जाएगा।





# स्वस्थ बनाने के साथ सुंदरता भी बढ़ाती है चीनी

**इस भाग-दौड भरी जिन्दगी में हर किसी के कंधों पर काम की जिम्मेदारी इतनी अधिक हो जाती है। कि यह टेंशन कभी-कभी डिप्रेशन का विक्राल रूप धारण कर लेती है जिससे व्यक्ति के सोचने समझने की शक्ति खत्म हो जाती है। लेकिन अब परेशान होने की जरूरत नहीं है और ना ही डिप्रेशन से बचने के लिए ढेर सारी दवाइयाँ खाने की जरूरत है। आपको जानकर ताज्जुब हो कि सिर्फ चीनी खाने से ही आपको डिप्रेशन से राहत मिल सकती है।**

चीनी का प्रयोग फिकेपन को दूर करने को किया जाता है। जब भी आपको शरीर में थकावट या लो महसूस हो तो शुगर से बने पदार्थो का सेवन करें। यह शरीर में शुगर के लेवल को ठीक कर नई ऊर्जा देता है। जैसे फूरड कस्टर्ड, जूस का एक ग्लास, केक का एक टुकडा वगैहर खा कर आप पहले से ज्यादा तरोताजा फील कर सकते हैं।

### ब्यूटी बेनेफिट्स

**चीनी और नींबू :** अगर आप फेस पर कील-मुहांसों से परेशान है तो चीनी में नींबू की कुछ बूंदे मिला ले और इससे अपने चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें। अगर आपकी त्वचा धूप की कारण त्वचा काली पड गई है तो 2 चम्मच कॉफी में 1 चम्मच चीनी मिला कर थोडा सा पानी मिलाएं फिर इस पेस्ट को अपने चेहरे को लगाएं। यकीन मानिये इससे आपको चेहरा साफ और ग्लोंइन हो जाएगा।

सन टैनिंग से परेशान है तो आप चीनी के साथ दही का पेस्ट बना लें फिर इसी पेस्ट से अपने चेहरे को स्क्रब करें, कुछ ही दिनों में सन टैनिंग से राहत मिलेगी।



# बारिश के मौसम में न करें इन फूड्स का सेवन

**बारिश के मौसम में कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है और इसीलिए इस दौरान हमें खाने-पीने से जुड़ी हुई चीजों पर भी ज्यादा ध्यान देना चाहिए। यहां पर आपको कुछ ऐसे ही फूड्स के बारे में बताया जा रहा है जिनका बारिश के दौरान सेवन करने से बचना चाहिए।**

बारिश के मौसम में न करें इन 5 फूड्स का सेवन होगा, नहीं तो पड़ जाएंगे बीमारबारिश के मौसम में हमें कई प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन करने के दौरान विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है। इसमें जरा-सी की गई लापरवाही हमारी सेहत के लिए कई समस्याएं भी खड़ी कर देती है। बारिश के मौसम में ज्यादातर लोगों को बीमार पड़ते हुए देखा जाता है क्योंकि गर्मी का मौसम खत्म होने के बाद से तापमान नीचे जाता है और तरह-तरह की स्वास्थ्य समस्याएं शुरू हो जाती हैं। बारिश के मौसम में सबसे ज्यादा नुकसान खाद्य पदार्थों से पहुंचता है और कई प्रकार के फूड्स का सेवन करना बीमारी की प्रमुख वजह भी बन जाता है। इसीलिए यहां पर कुछ ऐसे फूड्स के बारे में बताया जा रहा है जिनका सेवन बारिश के दौरान या फिर सावन के मौसम में आप नहीं करेंगे तो यह आपको बीमारियों से बचाए रखेगा। आपको इसका कारण भी बताया जाएगा कि क्यों इन फूड्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

### पालक

पालक आपको बारिश के मौसम में भी बड़ी आसानी से मिल जाएगी लेकिन इसका सेवन ना करने की सलाह दी जाती है। इसके वैज्ञानिक कारण को अगर समझने की कोशिश करेंगे तो यह बेहद आसान है। दरअसल बारिश के मौसम में छोटे-छोटे कीटाणु वायरस और बैक्टीरिया जो आंखों से दिखाई भी नहीं देते हैं वह पालक के पत्तों में चिपके रहते हैं। इन कीटाणुओं को भगाने के लिए हानिकारक कीटनाशक का भी प्रयोग किया जाता है, जो कि सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### बैंगन

बारिश के मौसम में कई लोगों के द्वारा बैंगन का चोखा बनाकर भी खाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जबकि इसका सेवन करने से बचना चाहिए। दरअसल, बारिश के मौसम में बैंगन के अंदर छोटे-छोटे कीड़े पड़ना शुरू हो जाते हैं। यह कीड़े पेट दर्द और पेट से जुड़ी कई प्रकार की समस्याओं का प्रमुख कारण भी बन सकते हैं। यही वजह है कि सावन के मौसम में खासकर बैंगन का सेवन करने से बचना चाहिए।

### दूध

दूध सेहत के लिए बेहतरीन फायदे पहुंचाता है और हम कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से भी बचे रहते हैं। बारिश के दिनों में दूध का सेवन न करने की सलाह देने के अलग-अलग कारण



बताए जाते हैं। मुख्य रूप से ध्यान देने वाली बात यह है कि बारिश के मौसम में जानवरों को खिलाया जाने वाला हरा चारा बैक्टीरिया और कीटाणुओं का घर बन जाता है। यह दूध की अच्छी क्वालिटी को भी प्रभावित करता है। इस कारण बारिश के दिनों में दूध का सेवन करने से पहले इसे खूब अच्छी तरह उबालना चाहिए। जितना कोशिश हो सके इस दौरान दूध का सेवन करने से बचे रहें और दूध से मिलने वाले पौष्टिक तत्वों की पूर्ति के लिए किसी अन्य फूड का सहारा लें।

### तले-भुने और स्ट्रीट फूड से करें परहेज

तली भुनी हुई चीजों और खासकर स्ट्रीट फूड का सेवन बारिश के दिनों में नहीं करना चाहिए। इनसे भी संक्रमण का खतरा ज्यादा रहता है। स्ट्रीट फूड का सेवन करने के कारण आप विभिन्न प्रकार की परेशानी से जूझ सकते हैं। खासकर यदि आप पानीपुरी का सेवन करते हैं तो पानीपुरी का दूषित पानी डायरिया या फिर लूज मोशन की समस्या खड़ी सकता है। इसलिए बारिश के दिनों में खाने पीने की चीजों में विशेष सावधानी जरूर बरतें।

### मांस और मछली

मांस और मछली मुख्य रूप से बारिश के दिनों में नहीं खाना चाहिए। सावन के महीने में खासकर इसका सेवन न करने की सलाह दी जाती है और इसका वैज्ञानिक कारण भी है। इस दौरान हवा में भी कई ऐसे हानिकारक बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं जो मांस और मछलियों को दूषित कर देते हैं। इसके अलावा बारिश के दिनों में मछलियों के अंडे देने का वक्त होता है। अंडा एक विशेष प्रकार की फूड एलर्जी का भी गुण रखता है जो गले में इंफेक्शन हो सूजन का मुख्य कारण हो सकता है। इसलिए बारिश का सीजन खत्म होने तक नॉनवेज फूड का सेवन करने से बचें।



# अमीषा पटेल ने पहली बार चेक बाउंस मामले पर तोड़ी चुप्पी

**चेक बाउंस मामले में हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री अमीषा पटेल को रिहा किया गया था. अब एक्ट्रेस ने पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ी है. एक नए इंटरव्यू में अमीषा ने कहा कि झूठी शिकायत गलत मकसद से की गई थी. झारखंड के फिल्म प्रोड्यूसर अजय कुमार सिंह के बारे में बात करते हुए अमीषा ने आरोप लगाया कि उन्होंने सार्वजनिक तमाशा बनाकर पक्षपात का माहौल फैलाया.**



अमीषा ने कोर्ट के सामने कर दिया था सरेंडर चेक बाउंस मामले में बीते शनिवार को अमीषा ने रांची सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया था. सीनियर डिवीजन जज डीएन शुक्ला ने अमीषा को जमानत दी और उन्हें 21 जून को फिर से व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने को कहा. मामला 2018 का है, जब अजय कुमार सिंह ने अमीषा के खिलाफ धोखाधड़ी और चेक बाउंस का मामला दर्ज कराया था.

### मामले पर क्या बोली अमीषा पटेल

जूम के साथ बातचीत में, अमीषा ने कहा, मैं रांची में कुछ मामलों के बारे में अपने फैंस और शुभचिंतकों के संदेशों से भर गई हूं. मैंने मामले की शुरुआत से ही शालीनता से चुप्पी साध रखी है कि मैं इसे जारी रखना चाहती हूं और सम्मानपूर्वक कानून को अपना काम करने देना चाहती हूं. दुर्भाग्य की बात है कि मेरी खामोशी, मर्यादा और व्यवस्था के प्रति सम्मान का फायदा रांची वाले मिस्टर अजय ने उठा लिया, जिन्होंने जनता का तमाशा बनाकर पक्षपात का माहौल फैलाया और मेरी स्टारडम का इस्तेमाल कर खुद फेमस होना चाहा. उन्होंने यह भी कहा, न्यायिक प्रणाली आखिरकार उस झूठी शिकायत को संभाल लेगी, जो गुप्त उद्देश्यों के लिए दायर की गई थी. माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने धोखाधड़ी और विश्वासघात की कार्यवाही को रोक दिया है.

### चेक बाउंस मामले में क्या हुआ?

शिकायत के अनुसार, अजय ने देसी मैजिक नामक फिल्म के निर्माण के लिए अभिनेत्री के बैंक खाते में 2.5 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए थे. अमीषा ने हालांकि बाद में फिल्म के साथ काम नहीं किया. उन्होंने 2.50 करोड़ का चेक भेजा, लेकिन वह बाउंस हो गया. जैसा कि समाचार एजेंसी पीटीआई ने रिपोर्ट किया है, सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2022 में झारखंड में ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी समन के संबंध में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात के अपराध के लिए आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी थी. शीर्ष अदालत ने, हालांकि, कहा था कि निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 138 (चेक बाउंस) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए कार्यवाही कानून के अनुसार जारी रह सकती है. झारखंड हाईकोर्ट के 5 मई, 2022 के आदेश के खिलाफ अमीषा द्वारा दायर अपील पर सुप्रीम कोर्ट का यह आदेश आया.

कृष्णा अभिषेक ने उदित नारायण और कुमार शानू की खोली पोल, कहा- 90 के दशक में इन दोनों के म्यूजिक झगड़े काफी...

### अमीषा की अपकमिंग फिल्म

अमीषा पटेल अनिल शर्मा द्वारा अभिनीत गदर 2 में दिखाई देंगी. फिल्म में सनी देओल और उत्कर्ष शर्मा भी मुख्य भूमिका में हैं. यह 11 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह से तैयार है. गदर 2 संकेत देती है कि कहानी वहीं से शुरू होती है जहां कहानी गदर- एक प्रेम कथा समाप्त हुई थी. गदर 2 अक्षय कुमार की ह्रस्त्र 2 और रणबीर कपूर की एनिमल से भिड़ेगी.



# अक्षय कुमार के साथ मनमुटाव को लेकर विपुल अमृतलाल शाह ने किया खुलासा साथ काम ना करने की बताई वजह

विपुल अमृतलाल शाह बॉलीवुड के जाने माने डायरेक्टर्स में से एक हैं। विपुल ने हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दीं हैं। डायरेक्टर ने अक्षय कुमार के साथ भी काफी काम किया है, लेकिन दोनो को एक साथ काम किए काफी लंमा समय बीत गया, जिस कारण लोगों को लगा कि शायद इनके बीच कोई मनमुटाव चल रहा है। लेकिन अब विपुल अमृतलाल शाह ने अक्षय कुमार के साथ काम ना करने की वजह का खुलासा किया है। डायरेक्टर ने कहा कि, हम दोनो ने लगातार साथ काम किया, तो हमें लगा कि दूसरे एक्टर्स के साथ काम करना भी जरूरी है और ये दोनों के लिए अच्छा होगा। विपुल ने आगे कहा, हमने अपने पूरे करियर में कभी लड़ाई नहीं की। हम दोनों ने ब्रेक लिया है। मैं और अक्षय दोनों अपने अपने काम में बिजी हैं। लेकिन मौका मिलने पर हम दोनों साथ काम करेंगे। आपको बता दें कि, विपुल शाह ने अक्षय कुमार के साथ वक्त- द रेस अगेंस्ट टाइम, नमस्ते लंदन और द एक्शन रिप्ले जैसी फिल्मों में साथ काम किया है।




# स्कैम 2003 द तेलगी स्टोरी

## 3 सितंबर को सोनी लिव पर होगा प्रीमियर

सोनी लिव 2.0 स्कैम 2003 द तेलगी स्टोरी की रिलीज की तारीख की घोषणा करके अपने पुन- लॉन्च की तीसरी वर्षगांठ मना रहा है। बहुप्रतीक्षित सीरीज 2 सितंबर 2023 को प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग शुरू होगी। इस श्रृंखला को पत्रकारसमाचार रिपोर्टर संजय सिंह द्वारा लिखित हिंदी पुस्तक रिपोर्टर की डायरी से रूपांतरित किया गया है, जिन्हें उस समय के घोटाले की कहानी को तोड़ने का श्रेय दिया जाता है। स्कैम 2003–द तेलगी स्टोरी अब्दुल करीम तेलगी द्वारा 2003 के स्टैम्प पेपर स्कैम की कहानी पेश करती है। श्रृंखला एक दिलचस्प कहानी होने का वादा करती है क्योंकि यह कर्नाटक के खानापुर में पैदा हुए अब्दुल करीम तेलगी के जीवन और पूरे देश को हिला देने वाले 18 राज्यों में फैले भारत के सबसे सरल घोटालों में से एक के पीछे मास्टरमाइंड बनने की उनकी यात्रा को बताएगी। इस शो में लेखक संजय सिंह के साथ कहानी लिखने और विकसित करने के लिए मराठी फिल्म उद्योग में अपने योगदान के लिए जानी जाने वाली किरण यज्ञोपवीत का सहयोग लिया गया है। स्कैम 2003 स्टूडियो नेक्स्ट के सहयोग से अपलॉज़ एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। श्रृंखला हंसल मेहता द्वारा अभिनीत और तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित है। स्कैम 2003-द टेल्गी स्टोरी का प्रीमियर 02 सितंबर 2023 को केवल सोनी लिव पर होगा!

# टी सीरीज के साथ आएंगे टाइगर श्रॉफ

लव स्टीरियो अगेन टी–सीरीज़ की मनमोहक बीट्स में खोने के लिए फिर से तैयार हो जाइए। यह एक ऐसा म्यूजिकल मास्टरपीस है जो दर्शकों को पूरी तरह इमोशन में खो जाने के लिए मजबूर कर देता है। इस सॉन्ग के लिए म्यूजिकल स्टार जहरा एस खान और अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ इंटरनेशनल सेंसेशन एडवर्ड माया एक साथ आएंगे। मनीष शंटी के निर्देशन में बना यह सॉन्ग बहुत जल्द ही रिलीज होने वाला है, जिसके लिए इंटरनेशनल कोलैबोरेशन किया गया है। लव स्टीरियो अगेन में ज़हरा और टाइगर की धमाकेदार केमिस्ट्री आपके होश उड़ाने के लिए तैयार है। दोनों स्टार ने गाने के अट्रैक्शन और सिजल को और बढ़ा दिया है। भारतीय समकालीन स्पर्श के साथ इस सॉन्ग के ट्रैक तनिष्क बागती ने तैयार किए हैं। श्रद्धा पंडित की मनमोहक आवाज के साथ एडुआर्ड मैरियन, एल्डार मानसरोव और कोर्नेवा विक्टोरिया के इंग्लिश लिरिक्स गाने में बेहद शानदार लगेंगे हैं। इतनी मजबूत टीम के साथ यह सॉन्ग इस साल के सबसे बड़े इंटरनेशनल सहयोगों में से एक है।





# शादी के 11 साल बाद पिता बने राम चरण

आरआरआर स्टार राम चरण के घर खुशियों ने दस्तक दी है। एक्टर और उनकी पत्नी उपासना ने शादी के पूरे 11 साल बाद अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। एक्टर की पत्नी ने एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया है। इस गुड़ न्यूज के बाद फैंस कपल को लगातार सोशल मीडिया पर बधाइया दे रहे हैं। राम चरण की वाइफ उपासना को बीती



रात हैदराबाद के अपोलो हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया था और आज 20 जून को सुबह उन्होंने बेटी को जन्म दिया। वहीं, अपोलो अस्पताल ने एक मेडिकल बुलेटिन शेयर करते हुए कहा, मिसेज उपासना कामिनेनी कोनिडेला और राम चरण की 20 जून 2023 को हैदराबाद के अपोलो अस्पताल जुबली हिल्स में एक बच्ची हुई। बच्चा और मां स्वस्थ हैं। राम चरण और उपासना के पेरेंट्स बनने पर उनके फैंस बेहद खुश हैं और सोशल मीडिया के जरिए उन्हें लगातार बधाइयां दे रहे हैं। बता दें, राम चरण और उपासना ने हाल ही अपनी शादी की 11वीं सालगिरह सेलिब्रेट की थी। कपल की शादी 14 जून 2012 को हुई थी. ऐसे में शादी के पूरे 11 साल बाद पहले बच्चे का स्वागत करने से कपल की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है और उनके घर में भी खुशी का माहौल बना हुआ है। राम चरण और उपासना के पेरेंट्स बनने से साउथ मेगा स्टार चिंरजीवी और उनकी पत्नी सुरेखा अब दादा दादी बन गए हैं।

# शाहरुख खान लॉन्च करेंगे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ, करण जौहर भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में एक निर्देशक के रूप में अपना 25वां वर्ष मना रहे हैं। उनका सफर 1998 में शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी के लीड रोल में कुछ कुछ होता है के साथ शुरू हुआ था, और अब 2023 में, वह रणवीर सिंह, आलिया भट्ट, धर्मेंद्र, शबाना आज़मी और जया बच्चन के साथ एक फॅमिली ड्रामा के लिए तैयार हैं। और अब, शाहरुख खान करण जौहर की 25 25 साल का सफर का जश्न मनाने के लिए रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीज़र लॉन्च करेंगे। करण जौहर निर्देशक के रूप में रणवीर सिंह के साथ उनका पहला सहयोग है, और दूसरा आलिया के साथ। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म पहली बार धर्मेंद्र के साथ धर्मा प्रोडक्शन के तहत किसी फिल्म के साथ काम कर रही है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी 28 जुलाई को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। टीजर 20 जून को रिलीज होगा, इसके बाद एक गाना और जुलाई के महीने में बड़ा ट्रेलर होगा। टीम ने फिल्म के लिए 40 दिनों के एक कड़े कैंपेन की योजना बनाई है और अब वे अपनी प्रमुख टीजर के साथ डिजिटल दुनिया में रिलीज करने के लिए तैयार हैं। कहा जाता है कि संगीत रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के साथ–साथ कलाकारों की टुकड़ी के प्रमुख आकर्षण में से एक है। 1 मिनट–16 सेकंड के टीजर की बात करें तो यह फिल्म की भव्य दुनिया की एक झलक है, जिसमें दृश्य, स्टार–कास्ट और एक भावपूर्ण धुन दिखाई गई है। यह एक बड़ी करण जौहर म्यूजिकल लव स्टोरी का वाइब देती है और दर्शकों को परिवारों की जीवन से बड़ी दुनिया के लिए तैयार करेगी।

# कॉफी विद करण में पापा संग नजर आएंगे आर्यन



मशूहर फिल्म मेकर करण जौहर का पॉपुलर शो कॉफी विद करण हमेशा ही चर्चा में बना रहता है। फैंस शो के अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में एक ऐसी खबर सामने आई है जिसे सुन फैंस की एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। दरअसल, इस बार कॉफी विद करण में बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान अपने बेटे आर्यन खान के साथ नजर आने वाले हैं। ऐसा पहली बार होगा जब किंग खान बेटे आर्यन के साथ स्क्रीन पर देखाई देने वाले हैं। ऐसे में दोनों को पहली बार एक साथ देखना फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगा। बाप–बेटे की जोड़ी मिलकर काफी एंटरटेन करने वाले हैं। जिसे देखना काफी एक्साइटिड होगा। वहीं, खबर है कि इसी एपिसोड में गौरी खान भी सरप्राइज एंट्री कर सकती हैं।

## आर्यभट्ट कॉलेज स्टूडेंट की हत्या में दो और गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले के साउथ कैंपस थाना इलाके स्थित आर्यभट्ट कॉलेज के छात्र की कॉलेज के बाहर हुई तीन दिन पहले हत्या के मामले में पुलिस ने दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हालांकि एक नाबालिग को इस मामले में पुलिस ने हिरासत में लिया है। डीसीपी मनोज सी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान 18 वर्षीय यश और 19 वर्षीय तालीम के रूप में हुई है। ये दोनों ही आर्यभट्ट कॉलेज के छात्र है। इनका निखिल की हत्या में क्या रोल था, इसके बारे में पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पुलिस दो और आरोपितों राहुल और हारून को गिरफ्तार कर चुकी है। राहुल भी बीए प्रोग्रामिंग फर्स्ट ईयर का स्टूडेंट निकला जबकि हारून स्कूल ड्रॉपआउट था और निलोठी में प्राइवेट जॉब करता था। इन पांचों को पकड़ने में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की मदद मिली, जो हत्या की वारदात के बाद जांच में पुलिस को हाथ लगा था।

पश्चिम बिहार के रहने वाले निखिल की रविवार दोपहर में कॉलेज के बाहर चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। वह बीए ऑनर्स पॉलिटिकल साइंस से पढ़ाई कर रहा था और फर्स्ट ईयर का छात्र था। पढ़ाई के साथ-साथ वह मॉडलिंग भी करता था। उसका यूट्यूब पर कई वीडियो काफी वायरल हो चुका था। जांच में पुलिस को पता चला कि निखिल चौहान की हत्या उसकी प्रेमिका के साथ दूसरे लड़कों द्वारा छेड़छाड़ करने को लेकर हुए झगड़े के बाद की गई थी। हालांकि परिवार वालों ने पुलिस पर कई गंभीर आरोप भी लगाए थे।

## सैनिक फार्म में पागल लाल कुत्ते का आतंक, 6-7 लोगों को काटकर किया घायल

**दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है. पिछले एक-दो महीने पहले वसंतकुंज इलाके में दो सगे भाइयों की मौत कुत्तों के काटने से हो चुकी है. फिर भी सरकार मौन है और लोगों को कुत्तों के आतंक से बचाने का कोई उपाय नहीं कर रही है. कुत्तों के कांटने का मामला साउथ दिल्ली के पॉश इलाके सैनिक फार्म में सामने आया है.

**लाल रंग का कुत्ते ने मचाया आतंक**

जहां मंगलवाल दोपहर को एक आवारा कुत्ते ने 6 से 7 लोगों को काट लिया है, जिसमें महिलाएं भी शामिल हैं. कुत्ते के काटने से कई लोग जख्मी हो गए हैं. जिससे लोगों में और साथ ही पूरे इलाके में डर का माहौल है. स्थानीय निवासीयों का कहना है कि यहां लाल रंग का कुत्ता लोगों को काट रहा है. उसकी जीभ निकला हुआ है और वह आते-जाते किसी पर भी हमला कर देता है. इसलिए उससे बचने के लिए पहरेदारी करनी पड़ रही हैं.

**पुलिस और एमसीडी ने उठाया कोई ठोस कदम**

वहीं सैनिक फार्म में रहने वाले एक स्थानीय निवासी आकाश का कहना है कि यह अवारा कुत्ता सुबह से कई लोगों को निशाना बना चुका है. पुलिस को कॉल की गई है और एमसीडी को भी सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक कहीं से कोई मदद नहीं मिली है ना ही उस कुत्ते को पकड़ा ही गया है.

**पागल कुत्ते ने इंसान नहीं बल्कि जानवर पर किया है अटैक**

स्थानीय निवासी बालमुकुंद का कहना है कि यह कुत्ता पागल है. इसने अब तक 6-7 लोगों को अपना शिकार बनाया है और इतना ही नहीं कुत्तों को भी ये काट चुका है. वहीं स्थानीय निवासी रामवती पर भी कुत्ते ने हमला कर दिया था, जिससे कि वे भी चोटिल हैं. उनका कहना है कि वह घर से बाहर निकली ही थी तभी वहां मौजूद कुत्ते ने उनपर हमला कर दिया.

## नोएडा के एमिटी से पीएचडी कर रही छात्रा से लाखों की ठगी

**नोएडा ।** थाना सेक्टर-126 में एक पीएचडी की छात्रा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब देने के नाम पर उसे अपने जाल में फंसाया तथा उससे अपने खाते में 1,79,560 रूपए ट्रांसफर करवा लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना सेक्टर- 126 के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सेक्टर- 125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय से पीएचडी कर रही छात्रा हिमानी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ दिन पहले उन्हें एक मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें उनसे कहा गया कि वह पार्ट टाइम जॉब करके अच्छी रकम कमा सकती है। उन्होंने मैसेज करने वाले लोगों की बात पर विश्वास करके उनसे संपर्क किया। ठगों ने युवती को टेलीग्राम एप से जोड़ा तथा उन्हें कुछ टास्क पूरा करने के लिए दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि ठगों ने युवती को शुरुआती दौर में कुछ फायदा दिखाया तथा धीरे-धीरे अपने जाल में फंसा कर उनसे ज्यादा पैसे कमाने का प्रलोभन देकर अपने विभिन्न खातों में 1,79,560 रूपए डलवा लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता के अनुसार जब उन्होंने अपनी रकम निकालनी चाहिए तो ठगों ने उसे कहा कि 1,41,000 और ट्रांसफर करो तब आपको पैसे मिलेंगे। पीड़िता को अपनी ठगी का एहसास हुआ तथा उसने और रकम व ट्रांसफर नहीं की। थाना प्रभारी ने बताया कि युवती की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बुजुर्ग महिला की हत्या पर भड़की डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष, कहा रेप कैपिटल के साथ मर्डर कैपिटल भी बन गई दिल्ली

**नई दिल्ली।** । पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके में दिनदहाड़े स्कूटी सवार एक बुजुर्ग महिला की सुए से वार करके हत्या कर दी गई। इस घटना का संज्ञान लेते हुए दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने केंद्र सरकार से दिल्ली पुलिस के संसाधनों और जवाबदेही को सुनिश्चित करने की मांग की है।

स्वाति ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो साझा करते हुए कहा कि 72 साल की महिला को 3 लड़कों ने 50 बार नुकीले हथियार से गोदकर दिनदहाड़े हत्या कर दिया। परिवार ने बताया कि जान के खतरे के बारे में कई बार पुलिस को शिकायत दी थी, किंतु पुलिस ने कुछ नहीं किया। दिल्ली में हर दिन ऐसे खौफनाक मर्डर हो रहे हैं। हम रेप कैपिटल के साथ मर्डर कैपिटल भी बन गए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है और पुलिस के ऊपर किसी



को विश्वास नहीं है। दिल्ली में महिलाओं के साथ होने वाले हादसों के रोज नए केस आ रहे हैं। स्वाति ने केंद्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि महिला सुरक्षा पर केंद्र सरकार अपनी चुप्पी कब तोड़ेगी? दिल्ली पुलिस सीधे केंद्र सरकार को रिपोर्ट करती है, लेकिन केंद्र सरकर की ओर से कोई एक्शन नहीं लिया जा रहा है। स्वाति ने केंद्र से मांग की है कि दिल्ली पुलिस के संसाधनों और जवाबदेही को सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि मंडावली इलाके में मंगलवार को हुई महिला की हत्या की पहचान सुधा गुप्ता (72) के रूप में हुई थी।

वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। हमले के बाद महिला को प्रीत विहार स्थित मेट्रो अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे मैक्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने सुधा को मृत घोषित कर दिया। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि वारदात के समय सुधा अपने मकान का किराया लेकर मंडावली से लक्ष्मी नगर स्थित घर लौट रही थीं। परिजनों ने मंडावली में दुकान के बाहर रेहड़ी लगाने वाली एक महिला पर बुजुर्ग की हत्या करवाने का आरोप लगाया है।

## मेयर शैली ओबेरॉय अस्पतालों के निरीक्षण पर, बोलीं- जल्द मैनपावर की कमी को करेंगे पूरा

**नई दिल्ली।** मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने तिमारपुर स्थित बालकराम अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. इसके बाद मेयर ने कहा कि एमसीडी की इमारतों का सदुपयोग नहीं हो रहा है. अस्पतालों में डॉक्टर-नर्सिंग स्टाफ की कमी है. ऐसे में मरीजों का अस्पतालों में इलाज कैसे होगा? एमसीडी के अस्पतालों का निरीक्षण किया जा रहा है. इसके बाद स्वास्थ्य सुविधाओं में जल्द सुधार किया जाएगा. सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मॉडल को एमसीडी में लागू किया जाएगा.

दिल्ली की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने आज सोमवार को तिमारपुर स्थित बालकराम अस्पताल का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया. अस्पताल की सुविधाओं को लेकर मरीजों से फीडबैक लिया. मेयर के औचक निरीक्षण में रेडियोलॉजिस्ट से लेकर डॉक्टर और स्टाफ की कमी मिली. अस्पताल प्रबंधन ने अवगत कराया कि अस्पताल की यह स्थिति पिछले कई साल से बनी हुई है. स्टाफ की काफी ज्यादा कमी है. इस वजह से इलाज से लेकर मरीजों की जांच तक प्रभावित हो रही है. इसके चलते यहां पर मरीज भी काफी कम संख्या में आ रहे हैं. मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की स्वास्थ्य सुविधाएं लंबे समय से लचर हालत में हैं. एमसीडी के पास अच्छी इमारतें हैं, लेकिन इनका सदुपयोग नहीं हो पा रहा है, क्योंकि अस्पतालों में डॉक्टर-नर्स सहित अन्य स्टाफ की कमी है. अगर अस्पतालों में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ नहीं होगा तो इलाज कैसे होगा. उन्होंने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल के विजन के तहत दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मॉडल को एमसीडी में लागू किया जाएगा. पिछले दिनों उनकी सीएम अरविंद केजरीवाल से एमसीडी की लचर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर चर्चा हुई थी. इसमें सीएम अरविंद केजरीवाल को एमसीडी की स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित जरूरी जानकारी साझा की गई हैं.

## खड़े ट्रक से ऑटो टकराया, एक की मौत, पांच घायल

**नई दिल्ली।**उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में फ्लाईओवर पर खराब खड़े ट्रक से एक सवारी ऑटो टकरा गया। हादसे में ऑटो चालक समेत पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। राहगीरों ने पीसीआर और एंबुलेंस की मदद से घायलों को जीटीबी अस्पताल पहुंचाया, जहां लालमणि मेथला (80) को मृत घोषित कर दिया गया।

हादसे में बुजुर्ग लालमणि का बेटा प्रकाश चंद मेथला (33), इसकी पत्नी उर्मिला (26), लालमणि की पत्नी मुन्नी देवी (65) और ऑटो चालक राकेश (35) बुरी तरह घायल हो गए। अस्पताल में राकेश की हालत गंभीर बताई जा रही है। वेलकम थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित ट्रक चालक नरेंद्र (33) को गिरफ्तार कर लिया है। ऑटो और ट्रक को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन की जा रही है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से पड़ताल कर रही है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि ऑटो चालक काफी तेज गति से ऑटो चला रहा था। जल्दबाजी के चक्कर में उसे सड़क के बीच में खड़ा ट्रक शायद नहीं




दिखा। पुलिस के मुताबिक हादसा मंगलवार तड़के करीब पांच बजे वेलकम फ्लाईओवर पर हुआ। मूलरूप से चंपावत, उत्तराखंड का रहने वाला परिवार अपने गांव से दिल्ली स्थित अपने घर विकास नगर, उत्तम नगर लौट रहा था। तड़के सभी चारों लोग बस से उतरकर आनंद विहार आईएसबीटी के बाहर आए।

यहां इन लोगों ने भलस्वा डेयरी निवासी राकेश नामक चालक का टीएसआर लिया। सभी उसमें सवार होकर विकास नगर की ओर जाने लगे। इस बीच शाहदरा से कश्मीरी गेट की ओर जाने के दौरान जैसे ही ऑटो वेलकम फ्लाईओवर पर पहुंचा तो इसकी भिड़ंत सड़क के बीचों-बीच खड़े ट्रक से हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में सभी पांचों लोगों को बुरी तरह चोट लगी। बाद में अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने लालमणि को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद लालमणि का शव परिवार के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। ट्रक चालक नरेंद्र से पूछताछ की जा रही है।

## मंडावली में मंदिर के अतिक्रमण को हटाने पहुंची पीडब्लूडी की टीम, लोगों ने किया विरोध

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली इलाके की एक सड़क किनारे बने मंदिर के अतिक्रमण को हटाने के लिए पहुंची पीडब्ल्यूडी की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। मंदिर को तोड़ने के विरोध में हजारों की संख्या में लोग पहुंच गए, जिसमें काफी तादाद में महिलाएं भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारी पीडब्ल्यूडी टीम के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ हनुमान चालीसा का भी पाठ कर लोग विरोध जता रहे हैं। इस विरोध प्रदर्शन में मंडावली वार्ड की भाजपा पार्षद शशि चांदना और वेस्ट विनोद नगर वार्ड के भाजपा पार्षद रवि नेगी भी शामिल हैं। वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी का कहना है कि अतिक्रमण हटाने को लेकर एलजी ने आदेश दिया था। भारी विरोध को देखते हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई फिलहाल रोक दी गई है। मौके पर स्थानीय प्रशासन, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम की टीम मौजूद है। सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली पुलिस की टीम के साथ ही अर्धसैनिक बल के जवान भी मौके पर मौजूद हैं।

उल्लेखनीय है कि जी-20 शिखर सम्मेलन के चलते दिल्ली में अलग-अलग इलाकों में अतिक्रमण



**भारी विरोध को देखते हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई फिलहाल रोक दी गई है। मौके पर स्थानीय प्रशासन, पीडब्ल्यूडी और नगर निगम की टीम मौजूद है। सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।**

को हटाने की कार्रवाई जोर-शोर से चल रही है। पिछले दिनों इसी कड़ी में दक्षिणी दिल्ली में भी फुटपाथ के समीप स्थित मंदिर और मजारों को हटाने की कार्रवाई हुई थी, जिसका लोगों ने पुरजोर विरोध किया था।

## मंदिर की रेलिंग तोड़ने पर 'महाभारत', लोग बोले- अब मस्जिद भी तोड़ो

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के मंडावली के अल्लाह कॉलोनी के पास बनी हनुमान मंदिर की रेलिंग तोड़ने आये एसडीएम अधिकारी और दिल्ली पुलिस को बीजेपी के निगम पार्षदों ने रोका. मंदिर के अंदर महिला बैठकर धरना प्रदर्शन कर रही है. वहीं प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए मंदिर प्रांगण से ग्रिल को हटा दिया है. अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन पुलिस कार्रवाई से इलाके में तनाव है.

ग्रिल हटाने को लेकर स्थानीय लोग लगातार नारे बाजी कर रहे हैं. घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि वह 25 साल ये यहां रह रहा है, लेकिन कभी किसी ने मंदिर में अवैध निर्माण की बात नहीं की है. उन्होंने बताया कि ये मंदिर 20 साल से यहां हैं. वहीं वहां मौजूद लोगों ने कहा कि अगर मंदिर तोड़ा जा रहा है तो मस्जिद को भी तोड़ा जाए. वहीं उन्होंने इस कार्रवाई के लिए दिल्ली सरकार को जिम्मेदार ठहराया है.

लोगों ने बताया कि किसी ने प्रशासन से मंदिर में अवैध निर्माण की शिकायत कर दी. दो दिन पहले ही उन्हें इसके बारे में जानकारी मिली. इस कार्रवाई का स्थानीय लोग जमकर विरोध कर रहे हैं. बुजुर्ग महिलाएं मंदिर के ग्रिल हटाने का विरोध कर रही थीं. हालांकि पुलिस की भारी तैनाती थी और उन्होंने स्थिति पर तुरंत काबू पा लिया.

मामले में निगम पार्षद रवि नेगी



का कहना है कि यह मंदिर काफी प्राचीन है और इसके स्टील के रेलिंग को तोड़ना नहीं चाहिये और दिल्ली सरकार के खिलाफ नारेबाजी और जय श्री राम के नारे के साथ विरोध किया जा रहा है. उधर हंगामा देख पूरे सड़क को बंद करा दिया गया है और मौके पर भारी बल पुलिस को तैनात कर दिया गया है. साफ है जिस तरह से दिल्ली सरकार और बीजेपी की मंदिर और मस्जिद कि लड़ाई चल रही है. उसे कही न कही दिल्ली की जनता को परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है.

दिल्ली के मंडावली इलाके में हनुमान मंदिर की रेलिंग हटाए जाने का मामला सियासी तूल पकड़ चुका है. भाजपा ने सीएम अरविंद केजरीवाल पर सीधा हमला बोलते हुए उन्हें हिंदू विरोधी करार दिया.

## चिपचपी गर्मी से मिली राहत, दिल्ली- एनसीआर में बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के कुछ हिस्सों में बारिश ने दस्तक दे दी है, जिसके चलते कुछ दिनों तक मौसम सुहाना रहने की संभावना है. दिल्ली में बारिश से दिल्लीवासियों को चिलचिलाती गर्मी से राहत देते हुए तापमान में भी गिरावट आई है. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तरी पंजाब, हरियाणा, दक्षिणी दिल्ली, उत्तरी मध्य प्रदेश और 16 अन्य स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई थी.

IMD ने एक ट्वीट कर जानकारी दी है कि सैटेलाइट से ली गई तस्वीरें उत्तरी पंजाब, हरियाणा, दक्षिणी दिल्ली, उत्तरी मध्य प्रदेश और आसपास के उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तर उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय, सिक्किम, नागालैंड,



मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, दक्षिण छत्तीसगढ़, विदर्भ, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तटीय कर्नाटक के कुछ स्थानों पर गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना दिखाती है. क्षेत्रीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा दी गई सात भविष्यवाणी के अनुसार, गुरुवार को दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है.

पूरे सप्ताह इसी तरह का मौसम बने रहने की उम्मीद है. अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री के आसपास रहने की उम्मीद है.

मौसम विभाग रिपोर्ट के मुताबिक, नई दिल्ली में आज न्यूनतम तापमान 28 डिग्री और अधिकतम तापमान 38 डिग्री दर्ज किया जा सकता है. इसी के साथ आज सुबह हल्की बारिश या बूंदाबांदी देखने को मिली. IMD के मुताबिक 27 जून तक दिल्ली और उससे जुड़े कई इलाकों में बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती है.

## दिल्ली सरकार के मंत्री इमरान हुसैन अलर्ट, बिजली और पानी की निर्बाध आपूर्ति के दिए निर्देश

**दिल्ली।** दिल्ली के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की. इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों को बकरीद के अवसर पर पानी की निर्बाध आपूर्ति करने और एमसीडी को साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए. स्थलीय निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग, स्वास्थ्य, फायर सर्विस, एमसीडी, बीएसईएस, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी सहित दिल्ली पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे.

स्थलीय निरीक्षण के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने समीक्षा बैठक करके सभी आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं की तैयारियों का जायजा लिया. मंत्री इमरान हुसैन



ने आधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एमसीडी द्वारा ईद-उल-अजहा के अवसर पर सड़कों और गलियों की नियमित सफाई की जाए. वहीं उन्होंने कहा कि जरूरत के हिसाब से सफाई के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात किया जाए.

ईदगाह और धार्मिक स्थलों के आसपास की सड़कों-गलियों में पर्याप्त स्वच्छता सुनिश्चित की जाए. वहीं कूड़े के निस्तारण के लिए प्राथमिकता के लिए पर्याप्त संख्या में कचरा उठाने करने वाली गाड़ियां लगाई जाए. खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को बिजली की नियमित आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा, सुरक्षा व्यवस्था, अग्निशमन और आपातकालीन सेवा आदि विषयों को लेकर भी उचित दिशानिर्देश दिए.

इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने अधिकारियों को अपने कार्यों के प्रति सजग रहने को कहा, ताकि ईद-उल-अजहा (बकरीद) के दौरान हर नागरिक को आसानी से सुविधाएं उपलब्ध हो सके. मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि ईद-उल-अजहा सर्वोच्च बलिदान की भावना को याद करने का अवसर है और लोगों को विश्वास, समर्पण और बलिदान के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है.

## सीएनजी वाहन चालकों को दिल्ली परिवहन विभाग ने दिया तोहफा, 15 साल तक बढ़ेगी वैधता

**दिल्ली।** दिल्ली परिवहन विभाग ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्वच्छ ईंधन पर चलने वाली टैक्सियों का परमिट 15 साल तक बढ़ाने का फैसला किया है. इस फैसले से कंप्रेस्ड नेचुरल गैस व अन्य स्वच्छ ईंधन पर चलने वाली सभी टैक्सी चालकों को लाभ होगा. यह फैसला उन टैक्सी चालकों के लिए लिया गया है, जिनके पास कॉन्ट्रैक्ट कैरिज परमिट है. आदेश के अनुसार इनके परमिट की वैधता को 15 साल तक बढ़ाने का फैसला हुआ है.

इंडस्ट्री के विशेषज्ञों का मानना है कि दिल्ली सरकार के इस फैसले से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में हजारों टैक्सी मालिकों को राहत मिलेगी. आदेश में कहा गया है कि परमिट की वैधता में यह विस्तार मोटर वाहन अधिनियम, 1988, 1989 और 1993 में निर्धारित अन्य सभी निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले टैक्सियों पर लागू होगा.

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इस विषय पर कहा कि दिल्ली सरकार हमेशा टैक्सी चालकों के साथ खड़ी रही है. इस कदम से हमारे सभी टैक्सी चालक भाइयों को मदद मिलेगी, जो अब 15 वर्षों तक अपने सीएनजी वाहनों को चला सकेंगे.

दिल्ली सरकार के अनुसार टैक्सियों के परमिट की वैधता बढ़ाने का निर्णय परिवहन विभाग द्वारा गहन अवलोकन के बाद आया है. परिवहन विभाग ने पाया कि दिल्ली-एनसीआर में अनुबंध कैरिज परमिट के तहत चलने वाली टैक्सियों की विभिन्न श्रेणियों के बीच परमिट की अवधि में



असमानता है. अब तक डीएल-1 आरटी के साथ सिटी टैक्सी योजना 2015 के तहत पंजीकृत टैक्सियों की परमिट वैधता केवल 8 वर्ष थी. इसके विपरीत, काली और पीली कैब और अन्य श्रेणियों सहित अन्य सभी टैक्सियों की वैधता 15 वर्ष थी, जो कि मोटर वाहन अधिनियम, 1988 द्वारा परिभाषित वाहन की आयु के अनुरूप है. सरकार ने इस विसंगति को दूर करते हुए सीएनजी या स्वच्छ ईंधन पर चलने वाली टैक्सियों के लिए परमिट की वैधता को 15 साल तक बढ़ाने का फैसला किया है. दिल्ली सरकार के इस कदम से पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्पों को बढ़ावा देने और शहर में प्रदूषण के स्तर को कम करने में मदद मिलेगी. दिल्ली परिवहन विभाग ने टैक्सी मालिकों और ऑपरेटरों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि वे प्रासंगिक अधिनियमों और विनियमों में निर्दिष्ट अन्य सभी शर्तों को पूरा करें. विस्तारित परमिट वैधता को बनाए रखने के लिए इन निर्धारित आवश्यकताओं का पालन महत्वपूर्ण रहेगा.

(हिन्दी दैनिक) खबर दृष्टिकोण
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कश्यप द्वारा शौर्य प्रिंटर्स, शिवपुरी कालोनी, निकट बांसमण्डी चौराहा, लखनऊ से मुद्रित एवं 551घ/1316, निकट शराफत जनरल स्टोर, आजाद नगर, आलमबाग, लखनऊ- 226005 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- आरती कश्यप, Mob. : 9555229060,9838938570 Email- khabardrishtikon@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. NO.: UPHIN/2021/82210